




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 118 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 28 जनवरी 2026 डाक 29 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा







# अजित पवार नहीं रहे, विमान हादसे में निधन




## पीएम मोदी और गृहमंत्री ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से हादसे की जानकारी ली

**मुंबई, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

**महाराष्ट्र के बारामती में बड़ा हादसा सामने आया है, जिसमें डिप्टी सीएम अजित पवार समेत छह लोगों का निधन हो गया है। उनका प्लेन अचानक क्रैश हो गया। बताया जा रहा है कि बारामती में लैंडिंग करते हुए ही प्लेन क्रैश हुआ है। हादसे के दौरान अजित पवार भी विमान में मौजूद थे।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से संपर्क किया और बारामती प्लेन क्रैश के बारे में जानकारी और अपडेट लिए। हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए बारामती अस्पताल लाया गया। इस हादसे के बाद महाराष्ट्र सहित पूरे देश में शोक की लहर है। हादसे की खबर आते ही सुप्रिया सुले, सुनेत्र पवार और पार्थ पवार बारामती के लिए रवाना हो गए। अजित के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। जानकारी के मुताबिक विमान में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार, 2 और लोगों (1 PSO और 1 अटेंडेंट) और 2क्रु (PIC+FO) सदस्य सवार थे। शुरुआती जानकारी के अनुसार विमान में सवार कोई भी व्यक्ति इस दुर्घटना में जीवित नहीं बचा है। मुंबई-बारामती चार्टर प्लेन की क्रैश लैंडिंग बारामती में रनवे के पास हुई। घटनास्थल से जो वीडियो सामने आया है वो डराने वाला है।

वीडियो में अजित पवार का प्लेन पूरी तरह से जल चुका है। मौके पर कई एंबुलेंस पहुंची है। पुलिस और प्रशासन भी मौके पर पहुंच चुका है। मौके से मिले विजुअल्स में प्लेन का टूटा-फूटा मलबा दिख रहा है, और एम्बुलेंस घायलों को पास के अस्पतालों में ले जा रही हैं। इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश क्यों की गई, इस बारे में और जानकारी का इंतजार है। राज्य में अभी जिला परिषद चुनाव चल रहे हैं और अजित पवार की आज बारामती में अलग-अलग जगहों पर जनसभा करने वाले थे। प्लेन क्रैश की असली वजह क्या थी। संभावना है कि डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन इस बात की जांच करेगा कि लैंडिंग में कोई टेक्निकल खराबी थी या नहीं।

### शिंदे ने दिए जांच के आदेश

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने बारामती प्लेन क्रैश की जांच के आदेश दिए हैं। शिंदे ने हादसे को दुखद बताते हुए कहा, प्लेन क्रैश की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। इस हादसे की गंभीरता से जांच की जाएगी।

### बारामती अस्पताल के बाहर जुट समर्थकों की भीड़

अजित पवार के निधन से एनसीपी के कार्यकर्ताओं को भी गहरा झटका लगा है। हजारों की तदाद में उनके समर्थक बारामती अस्पताल के बाहर जुट गए हैं। सभी अजित पवार की आखिरी झलक पाने के लिए घंटो से इंतजार कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति ने व्यक्त किया शोक

अजित पवार के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी शोक व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा, महाराष्ट्र के बारामती में एक विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री, श्री अजित पवार समेत कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। अजित पवार जी का असामयिक निधन एक अपूरणीय क्षति है। उन्हें महाराष्ट्र के विकास में, विशेषकर सहकारी क्षेत्र में, विशेष योगदान के लिए सदैव याद रखा जाएगा। मैं उनके परिवार, समर्थकों एवं प्रशंसकों के प्रति गहन शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं। ईश्वर इस दुर्घटना में मारे गए अन्य सभी लोगों के परिवारों को भी इस आघात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दी श्रद्धांजलि

डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, विमान दुर्घटना में श्री अजीत पवार जी के निधन की खबर बहुत चौंकाने वाली और बेहद दुखद है। इस मुश्किल घड़ी में शोक संतप्त परिवार जिस अपार दुख से गुजर रहा होगा, उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। मैं पूरे पवार परिवार, उनके समर्थकों और शुभचिंतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

### आज महाराष्ट्र का काला दिन: संजय राउत

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने अजित पवार की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आज महाराष्ट्र के लिए काला दिन है। जब मुझे प्लेन क्रैश के बारे में पता चला, तो मैं प्रार्थना कर रहा था कि सब ठीक हों, लेकिन इसके बाद दुखद खबर सामने आई। संजय राउत के अनुसार, बारामती से उनका खास रिश्ता था। वो उद्धव कैबिनेट का भी हिस्सा रह चुके थे। उन्हें सिंचाई से लेकर पानी जैसे मुद्दों के बारे में अच्छी जानकारी थी। शिवसेना (यूबीटी) उनके निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

### बड़ा भाई हमारे बीच से गया: एकनाथ शिंदे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन पर कहा, आज महाराष्ट्र के लिए काला दिन है। ऐसी घटना महाराष्ट्र में घटी है जो हर एक व्यक्ति के दिल को दुखाने वाली है। हम दोनों उपमुख्यमंत्री के रूप में मिलकर काम कर रहे थे और महाराष्ट्र को आगे बढ़ा रहे थे। समय को बहुत ही महत्व देने वाले, कर्मठ नेता, समयसूचकता रखने वाले नेता हमारे बीच नहीं रहे। शिंदे ने कहा, ये हमारे, महाराष्ट्र और उनके परिवार के लिए बड़ी क्षति है।

## चंडीगढ़ के कई बड़े स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मौके पर बम स्क्वायड टीम



**चंडीगढ़, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

चंडीगढ़ में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब शहर के पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी ई-मेल के जरिए भेजी गई, जिसके बाद स्कूल प्रशासन और पुलिस महकमे में अफरातफरी का माहौल बन गया। धमकी मिलने के बाद सभी संबंधित स्कूलों ने तुरंत इसकी सूचना चंडीगढ़ पुलिस को दी। सुरक्षा के मद्देनज़र कुछ स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई, जबकि अन्य स्कूलों में छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालकर परिसरों की गहन तलाशी कराई गई। सूत्रों के अनुसार धमकी मिलने वाले स्कूलों में चितकारा इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-25, सेंट स्टीफन पब्लिक स्कूल, सेक्टर-45 सहित शहर के कुल पांच स्कूल शामिल हैं। हालांकि सुरक्षा कारणों से सभी स्कूलों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और क्विक रिस्पांस टीम मौके पर पहुंची। स्कूल परिसरों को खाली कराकर कक्षाओं, बैग, वॉशरूम और खुले इलाकों की बारीकी से जांच की गई। फिलहाल किसी भी स्कूल से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। चंडीगढ़ पुलिस की साइबर सेल धमकी भरे ई-मेल की तकनीकी जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मेल किस आईडी, सर्वर और लोकेशन से भेजा गया। पुलिस का मानना है कि यह फर्जी धमकीभी हो सकती है, लेकिन सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही। पुलिस और स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें।

## एनडीए की रैली के बाद डीएमके में घबराहट है: तमिलनाडु भाजपा

**चेन्नई 28 जनवरी।** तमिलनाडु भाजपा के प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके पर पलटवार करते हुए कहा है कि पार्टी के अंदर राजनीतिक घबराहट है। उन्होंने मदुरंतकम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की रैली के बाद डीएमके के हमलों को लेकर एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी पलानीस्वामी का भी बचाव किया। भाजपा प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने डिप्टी मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन और डीएमके सांसद कनिमोझी की आलोचना की, जिन्होंने बार-बार पलानीस्वामी को भाजपा का गुलाम कहा। उन्होंने कहा कि ऐसी भाषा 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले एनडीए की बढ़ती रफ्तार का मुकाबला करने में डीएमके की असमर्थता को दिखाती है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मदुरंतकम रैली ने पूरे तमिलनाडु में बदलाव के साफ संकेत दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि लोगों की बड़ी भागीदारी ने डीएमके नेतृत्व, खासकर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान कर दिया है। एएनएस प्रसाद ने कहा कि वे राजनीतिक जमीन खोने को लेकर तेजी से चिंतित हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समन्वय में एनडीए राज्य में एक एकजुट और अनुशासित गठबंधन के रूप में उभरा है। उन्होंने आगे कहा, पलानीस्वामी ने तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन के साथ मिलकर राज्य भर में बड़े पैमाने पर दौरे किए, ताकि डीएमके सरकार के तहत भ्रष्टाचार, शासन की विफलताओं और अधूरे वादों को उजागर किया जा सके।

## सीएम साय ने बारामती विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर जताया शोक



**रायपुर।** सीएम विष्णुदेव साय ने बारामती विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन पर शोक जताया है, उन्होंने कहा, महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत अन्य लोगों के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। अजित पवार का सम्पूर्ण जीवन कृषक कल्याण, जनसेवा और देश के विकास के लिए समर्पित रहा। उनका असमय देहावसान न केवल उनके परिजनों एवं समर्थकों के लिए, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की अद्भुत शक्ति प्रदान करें। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है। वे 66 साल के थे। बुधवार सुबह 8.45 बारामती में उनका प्लेन क्रैश हो गया।

## ममता बनर्जी ने बारामती विमान दुर्घटना की ठीक से जांच की मांग की, जिसमें अजित पवार की मौत हो गई



**कोलकाता, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार सुबह विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। ममता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अजीत पवार के अचानक निधन से बहुत सदमे में हूं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और उनके साथ यात्रा कर रहे लोग आज सुबह बारामती में एक भयानक विमान दुर्घटना में मारे गए और मुझे बहुत दुख हो रहा है। दिवंगत अजित पवार के परिवार, उनके चाचा शरद पवार और उनके सभी दोस्तों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

सीएम ममता ने इसके साथ ही इस विमान हादसे की ठीक से जांच की मांग की। मालूम हो कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का चार्टर विमान सुबह महाराष्ट्र के बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में अजीत पवार व दो पायलटों समेत उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## 'असली-नकली हिंदू का फर्क समझें:' प्रयाग छोड़ काशी रवाना हुए अविमुक्तेश्वरानंद, योगी को लेकर फिर कह दी बड़ी बात



**प्रयागराज 28 जनवरी।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मंगलवार की सुबह प्रयागराज से काशी रवाना हो गए। माघ मेला में मौनी अमावस्या पर स्नान को जाते समय प्रशासन द्वारा रोके जाने पर विवाद हो गया, जिसके बाद उन्होंने संगम में स्नान भी नहीं किया। वे बिना स्नान के ही प्रयागराज से रवाना हो गए।माघ मेला क्षेत्र छोड़ने से पहले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पत्रकारों से बातचीत में कहा, इस समय सनातनी लोगों पर हमला हो रहा है। उनके अधिकार और संस्कार खत्म करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। प्राचीन मंदिरें तोड़ी जा रही हैं। मौनी अमावस्या पर मैं स्नान नहीं कर पाया।

संतों और बटुकों को पीटने के साथ मेरा अपमान किया गया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, कष्टकारी यह है कि इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया। कहा कि उन्हें जितना दुःख अबकी हुआ है उतना कभी नहीं हुआ। अपने सम्मान की लड़ाई लड़ते रहेंगे। सनातन धर्म के लोग एकजुट हो जाएं। असली और नकली हिंदू के फर्क को समझें।

## रायपुर एयरपोर्ट में ड्रग तस्कर की हुई गिरफ्तारी

**रायपुर।** माना पुलिस ने कोकीन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी एयरपोर्ट से की गई।यह व्यक्ति इंडिगो की उड़ान में दिल्ली से रायपुर पहुंचा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेरेबंदी कर पकड़ा। उसके पास से 270 ग्राम कोकीन पावडर रूप में जब्त किया गया है। इसकी कीमत करोड़ों में बताई गई है। जमीनी स्तर पर गिरफ्तारी के बढ़ते मामलों को देखते हुए तस्करों ने अपनी रणनीति बदल हवाई के रास्ते का विकल्प अपनाया है। इस मामले में सबसे आश्चर्यजनक पहलु यह है कि दिल्ली पुलिस, सीआईएसएफ डीआरआई और अन्य एजेंसियों की कड़ी निगरानी को चकमा बीच यह तस्कर दिल्ली एयरपोर्ट से आसानी से निकल गया। एक लंबे अरसे बाद रायपुर एयरपोर्ट पर ड्रग तस्कर की गिरफ्तारी हुई है। और पुलिस कमिश्नरी सिस्टम में यह पहली गिरफ्तारी है। पुलिस उसके बैकवर्ड और इनवर्ड संपर्कों को लेकर पूछताछ कर रही है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## लाला लाजपत राय का बलिदानी जीवन देश की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत, जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली 28 जनवरी [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने कहा कि लाला लाजपत राय का बलिदानी जीवन देश की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मातृभूमि की अमर संतान पंजाब केसरी लाला लाजपत राय को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। मां भारती को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उनका बलिदानी जीवन देश की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर पीएम मोदी ने वीडियो संदेश में कहा कि लाला लाजपत राय स्वतंत्रता संग्राम के एक ऐसे सेनानी रहे, जिन्होंने विदेशी शासन से मुक्ति दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। लाला लाजपत राय के व्यक्तित्व को सिर्फ आजादी की लड़ाई तक सीमित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, लाला लाजपत राय ने पंजाब नेशनल बैंक और कई अन्य संस्थाओं के निर्माण में अहम भूमिका निभाई।

उनका उद्देश्य सिर्फ विदेशियों को देश से बाहर निकालना ही नहीं था, बल्कि देश को आर्थिक मजबूती देने का विजन भी उनके चिंतन का अहम हिस्सा था। आज देश पंजाब केसरी लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सुभाषित में लिखा, सेवाभाव और सत्यनिष्ठा से किए गए कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाते। संकल्प, समर्पण और सकारात्मकता से हम अपने साथ-साथ पूरी मानवता का भी भला कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, लाला लाजपत राय ने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके बलिदान ने टुकड़ों में बंटे आजादी के आंदोलन को एकता के सूत्र में पिरोकर महाज्वाला बना दिया। अमित शाह ने आगे लिखा, उनका नेतृत्व भगत सिंह जैसे अनेक क्रांतिकारियों के लिए सशस्त्र क्रांति की प्रेरणा बना। समाज सुधार, शिक्षा और राष्ट्र के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए संकल्पित लाला लाजपत राय की स्वाधीन और स्वावलंबी भारत के निर्माण में भूमिका को यह देश कभी भुला नहीं पाएगा।

## मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी, ई-मेल से मचा हड़कंप, परिसर खाली कराया गया



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बुधवार को कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। ई-मेल के जरिए मिली धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और एहतियातन पूरे कोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11.54 बजे कोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। धमकी भरा ई-मेल मिलते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया। तत्काल वकीलों, कर्मचारियों और आम लोगों को बाहर निकालकर परिसर को पूरी तरह खाली कराया गया।



## अख़बार वितरक संघ ने कल्याण बोर्ड गठन की मांग करते हुए कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ अख़बार वितरक संघ जिला कोरबा द्वारा अधिकृत जानकारी देते हुए बताया गया हैं की छत्तीसगढ़ अख़बार वितरक संघ जिला कोरबा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सह कोरबा नगर विधायक लखनलाल देवांगन के निज निवास पहुंच एक ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के दैनिक समाचार वितरकों के सामाजिक व आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं। संघ ने अख़बार वितरक कल्याण बोर्ड के गठन की मांग करी हैं, जिससे प्रदेशभर के अख़बार वितरकों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके।संघ की प्रमुख मांगों में श्रम विभाग के पोर्टल में 'डिलीवरी बॉय' के स्थान पर 'दैनिक अख़बार वितरक' की श्रेणी दर्ज करने, 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पेंशन सुविधा देने, अख़बार वितरकों के बच्चों को निजी विद्यालयो में आरटीई के तहत प्राथमिकता प्रदान करने तथा सभी वितरकों को ईएसआई मेडिकल कार्ड, बीमा सुविधा एवं मृत्यु की स्थिति में एक सप्ताह के भीतर एकमुश्त सहायता राशि उपलब्ध कराना आदि सहित अन्य मांगे शामिल हैं। इसके अलावा संघ ने अख़बार वितरकों को एक-एक मोटराइज्ड (इलेक्ट्रिक) साइकिल प्रदान करने के लिए शासन स्तर पर योजना शुरू करने तथा सभी शासकीय विद्यालयो एवं महाविद्यालयो में दैनिक अख़बार अनिवार्य किए जाने की भी मांग करी हैं, जिससे विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ अख़बारों के प्रसार को बढ़ावा मिल सके। जानकारी के अनुसार उक्त मांगों पर प्रतिक्रिया देते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि साइकिल वितरण का प्रावधान उनके स्तर पर नहीं है, जबकि अन्य मांगों के संबंध में अनुशंसा कर मुख्यमंत्री के पास पत्र प्रेषित किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला इकाई के संरक्षक रेशमलाल साहू, अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जयसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, सहसचिव रायसिंह, एनटीपीसी इकाई सचिव रविन्दर, बालको इकाई कोषाध्यक्ष राकेश साहू, रामा, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, हर्ष नेताम, कृष्णा निर्मलकर सहित संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्युत चोरी के चार मामलों में आरोपियों को अर्थदण्ड एवं कारावास की सजा

**कोरबा।** माननीय विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम), कोरबा संतोष शर्मा द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत विद्युत चोरी से संबंधित चार पृथक-पृथक प्रकरणों में दोष सिद्ध पाए जाने पर आरोपियों को अर्थदण्ड एवं अर्थदण्ड के व्यतिक्रम में साधारण कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय द्वारा यह निर्णय क्रमशः दिनांक 06, 08, 14 एवं 15 जनवरी 2026 को पारित किया गया।प्रकरणों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—प्रकरण क्रमांक 29/2025अभियुक्त अभिषेक राठिया, पिता गोवर्धन राठिया, निवासी घिनारा के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, कोरबा (ग्रामीण) द्वारा परिवाद प्रस्तुत किया गया। अभियुक्त पर 1,17,030/- का विद्युत बिल बकाया होने के कारण विद्युत विच्छेद किया गया था। दिनांक 05.01.2024 को औचक निरीक्षण के दौरान अभियुक्त द्वारा अवैध रूप से विद्युत लाइन जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करते हुए पाया गया, जिससे विभाग को 2,642/- की क्षति हुई। प्रकरण क्रमांक 146/2023अभियुक्त गोरेलाल पटेल, पिता रामसिंग पटेल, निवासी ग्राम पकरिया, उरगा के विरुद्ध दिनांक 28.01.2023 को किए गए औचक निरीक्षण में विद्युत चोरी प्रमाणित पाई गई। अभियुक्त पर ?1,00,160/- का बकाया विद्युत बिल था तथा अवैध लाइन जोड़कर विद्युत चोरी करने से विभाग को 4,140/- की क्षति हुई।प्रकरण क्रमांक 27/2025अभियुक्त बलीराम, पिता सुमित राम यादव, निवासी ग्राम ढेंगुरडीह, रजगामार के विरुद्ध दिनांक 13.01.2024 को किए गए औचक निरीक्षण में विद्युत चोरी पाए जाने पर परिवाद प्रस्तुत किया गया। अभियुक्त पर 90,170/- का बकाया था तथा विद्युत चोरी से विभाग को 33,557/- की क्षति कारित हुई। प्रकरण क्रमांक 01/2021अभियुक्त गणेश दास मानिकपुरी, पिता सुकुल दास मानिकपुरी, निवासी ओ.ए.-03, ए.बी. टाइप, सीएसईबी कॉलोनी, कोरबा के विरुद्ध दिनांक 31.08.2020 को किए गए औचक निरीक्षण में विद्युत चोरी प्रमाणित पाई गई, जिससे विभाग को 48,820/- की क्षति हुई।न्यायालय द्वारा दण्डादेशमाननीय न्यायालय ने—अभियुक्त अभिषेक राठिया को 8,000/-अभियुक्त गोरेलाल पटेल को 13,000/-अभियुक्त बलीराम को 40,500/-अभियुक्त गणेश दास मानिकपुरी को ?58,650/-के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में प्रत्येक अभियुक्त को 01 माह (30 दिवस) का साधारण कारावास भुगतने का आदेश दिया गया है।साथ ही, विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 138 के अंतर्गत प्रत्येक अभियुक्त को ?1,000/- के अतिरिक्त अर्थदण्ड एवं उसके व्यतिक्रम में 10 दिवस के साधारण कारावास से भी दण्डित किया गया है।पैरवीउक्त सभी प्रकरणों में परिवादी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, कोरबा की ओर से नियुक्त अधिवक्ता श्री धनेश कुमार सिंह द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष सशक्त मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिसके परिणामस्वरूप अभियुक्तों को दण्डित किया गया।

## हफ्ते में 5 दिन काम की मांग को लेकर बैंकर्स ने की हड़ताल

**कोरबा ।** हफ्ते में 5 दिन काम की व्यवस्था को लागू करने मांग को लेकर बैंकर्स हड़ताल पर रहे। हड़ताल की घोषणा बैंक यूनियन ने पहले ही कर दी थी। जिसके बाद 27 जनवरी को सभी राष्ट्रीयकृत बैंक के कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल का असर निजी बैंक के कामकाज पर भी पड़ा। एसबीआई ही नकद प्रदान करने के लिए चेस्ट बैंक होता है। जिसके कारण कैश का वितरण नहीं हो सका, इस वजह से बैंकिंग के सभी तरह के कार्य ठप्प रहे। बताया जा रहा हैं की बैंकर्स की सिर्फ एक मांग है, जिसके कारण वह एक दिन की हड़ताल पर हैं।बैंकर्स हफ्ते में 5 दिन काम करने की व्यवस्था को लागू करवाना चाहते हैं। उनका कहना है कि सरकार ने वादा किया था। जिसे पूरा किया जाना चाहिए। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस 9 यूनियनों का मुख्य संगठन है। 23 जनवरी को यूनियन ने 5 दिन के वर्क वीक की मांग को लेकर लेबर कमिश्नर स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक का कोई हल नहीं निकला था। जिसके बाद देशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनी। हड़ताल के दौरान बैंक के ब्रांच में जाकर नकदी जमा कराने से लेकर पैसों की निकासी तक के सभी काम प्रभावित हुए। ब्रांचों में ग्राहकों की सहायता के लिए मौजूद कर्मचारी भी काउंटर पर मौजूद नहीं थे।

# गणतंत्र दिवस पर कोरबा वन मंडल की झांकी को मिला द्वितीय स्थान

**कोरबा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय में कोरबा वन मंडल द्वारा प्रस्तुत की गई भारतीय पैंगोलिन (कहट) संरक्षण पर आधारित जागरूकता झांकी ने जनमानस का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस झांकी के माध्यम से आम नागरिकों को भारतीय पैंगोलिन के महत्व, उसके पारिस्थितिक योगदान, अवैध शिकार, गैरकानूनी व्यापार तथा वर्तमान खतरों के बारे में प्रभावी संदेश दिया गया। यह झांकी कटघोरा एवं कोरबा वन मंडल के वरिष्ठ वन अधिकारियों के मार्गदर्शन में तैयार की गई, जिसमें वन विभाग के मैदानी अमले की सक्रिय भागीदारी रही। झांकी का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को यह समझाना था कि भारतीय पैंगोलिन एक संरक्षित और संकटग्रस्त वन्यजीव है, जिसकी तस्करी और अवैध शिकार वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। झांकी में पैंगोलिन के प्राकृतिक आवास, उसकी विशिष्ट शल्क , कीट नियंत्रण में उसकी भूमिका तथा मानव गतिविधियों से उत्पन्न खतरों को रचनात्मक और शैक्षणिक रूप में दर्शाया गया। साथ ही



यह संदेश भी दिया गया कि वन्यजीवों का संरक्षण ही जैव विविधता और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र की आधारशिला है। वहीं 26 जनवरी के अवसर पर परेड में कोरबा वन मंडल ने भाग लिया जिसमें वन रक्षकों ने भी अनुशासन और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके लिए कोरबा वन मण्डल को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वन विभाग को इस वर्ष दो ट्रॉफी मिलना वन विभाग के डीएफओ प्रेमलता यादव एवं निशांत कुमार के कुशल मार्गदर्शन एसडीओ आशीष खेलवार एवं सूर्यकांत सोनी के निगरानी में कोरबा रेंजर मृतुन्जय शर्मा, कमलेश कुम्हार,अर्जुन कंवर, जितेंद्र सारथी, सिद्धांत जैन आदि लोगों की विशेष भूमिका रही भारतीय पोंगलिन के झाकी को कुछ दिनों में कड़ी मेहनत से तैयार करना वही प्रोफेशनल परेड में उत्कृष्ट स्थान आने के लिए लगातार रिहल्सल करना सफल रहा, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र रहे।

## हसदेव तट पर भक्ति का महासागर: भगवती जागरण मंडल के 31वें भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**देवी सर्वमंगला को अर्पित किए गए छप्पन भोग, कन्या पूजन के साथ हुआ आयोजन**



**कोरबा।** हसदेव नदी के पावन तट पर भगवती जागरण मंडल द्वारा 31वें वर्ष में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देवी सर्वमंगला की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें माता को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसके पश्चात कन्या पूजन कर भंडारे का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कोरबा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता निभाई। महिलाओं द्वारा अपने-अपने स्तर पर 56 भोग की सुंदर व्यवस्था की गई, जिसे श्रद्धापूर्वक मंदिर में अर्पित किया गया। कन्या पूजन के बाद प्रारंभ हुए भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माता का प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम स्थल पर आध्यात्मिक माहौल उस समय और अधिक भक्तिमय हो गया जब स्थानीय लोक कलाकारों ने भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दीं। भक्ति गीतों की लय पर महिलाओं ने भी नृत्य की प्रस्तुति देकर वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। हसदेव नदी के तट पर गूंजते भजनों और जयकारों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।आयोजन की सफलता में नगर के अनेक सेवाभावी नागरिकों, स्वयंसेवकों और भगवती जागरण मंडल के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। सभी ने सेवा भाव से अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

## अग्रसेन पब्लिक स्कुल व कन्या महाविद्यालय में लहराया तिरंगा



**कोरबा ।** अग्रसेन कन्या महाविद्यालय व अग्रसेन पब्लिक स्कुल में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया गया । श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय व श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा पूर्व अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल विशिष्ट अतिथि अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल व श्री अग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय व विद्यालय के पदाधिकारीयों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर समुहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया इस अवसर पर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन ने अपने उदबोधन में कहा कि सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि आज ही के दिन हमें मौलिक अधिकार प्राप्त हुये थे इस अवसर पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी और गणतंत्र दिवस हमारा संविधान लागू किया गया था जिसमें हम आम नागरिकों को बहुत से अधिकार प्राप्त हुये है हमें अपने अधिकार जानना चाहिए । इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामसिंह अग्रवाल ने कहा कि सभी नागरिकों व बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऐं देता हूं विद्यार्थी को अपने जीवन में बहुत मेहनत करते हुए आगे बढना चाहिए जिससे वे देश के अच्छे नागरिक बन सके और अपने संविधान में प्राप्त अधिकार को उपयोग करें 26 जनवरी के दिन 1950 में हमार संविधान लागू किया गया था जिससे देश को एक नई दिशा प्राप्त हुई और देश में इसका महत्व सबसे ज्यादा है महाविद्यालय में मुख्य अतिथि व अन्य पदाधिकारीयों के द्वारा एनसीसी का आफिस का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर अग्रवाल सभा सचिव गोपाल अग्रवाल मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के त्रलोकी नाथ बजाज छेदीलाल अग्रवाल प्रहलाद अग्रवाल राज अग्रवाल व महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार झा व श्रीमति किरण बाजपेयी मंर्जित कौर, गोरी वनखेडे, अंजना चौधरी बंसत कुमार राजेन्द्र सोनी विद्यालय के प्राचार्य श्रीमति रीना चोधरी कुसुम पांडे दिव्या सक्सेना मोनिका साहू ज्योति राय प्लावी र्तीकी पारूल देवांगन वैष्णवी सिंग रोशन व विद्यालय के छात्र छात्राऐ भारी संख्या में उपस्थित थे ।

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय के जिला समन्वयक आशुतोष हुए सम्मानित

**कोरबा ।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जिला प्रशासन अंतर्गत उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा प्रशासनिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने वाले कर्मियों को सम्मान प्रदान किया गया।



## कटघोरा में सरकारी एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा सामूहिक रूप से गणतंत्र दिवस मनाया गया

**कटघोरा ।** आत्मानंद पब्लिक स्कूल में सरकारी एवं निजी स्कूलों द्वारा सामूहिक रूप से गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा द्वारा प्रात्र 8 बजे के लगभग आत्मानंद पब्लिक स्कूल कटघोरा फहराया गया इस अवसर पर ह्यस्त्रद्ब साहब तन्मय खन्ना, एस डी ओ पी, नगर पालिका - अध्यक्ष राज जायसवाल, उपाध्यक्ष- लाल बाबू ठाकुर , समस्त पार्षद ,एल्डर मेन, बी. ई. ओ. अभिमन्यु टेकाम , ए बी ओ हरि कृष्ण नायक,प्रिंसिपल एम. एस. कवर , लड़की हायर सेकेंडरी स्कूल प्रिंसिपल दिनेश हाकरे, सीएमओ मुद्रिका तिवारी सी ई ओ ,वन विभाग के अधिकारी, आई सी डी एस अधिकारी,लोक निर्माण विभाग एसडीओ,पी एच ई, बी एम ओ, सिंचाई विभाग के एसडीओ,एवं अन्य स्कूल के टीचर प्रधान पाठक बच्चे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा मुख्यमंत्री वाचन भी किया गया। मंचस्थ अतिथियों द्वारा भारत माता के प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया । मंचस्थ अतिथियों का स्वागत फूल माला से किया गया। प्रतिभागी सभी स्कूलों का पीटी, परेड का प्रदर्शन भी किया गया।कार्यक्रम की तीसरी चरण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जिसमें देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी डांस, लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें कस्तूरबा आवासीय विद्यालय , सरस्वती शिशु मंदिर, नवोदय ज्ञान मंदिर, अभ्युदय स्कूल , सेंट एनस पब्लिक स्कूल, आत्मानंद पब्लिक स्कूल, बॉयज़ हायर सेकंडरी स्कूल ,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम को बहुत सराहा गया।

कार्यक्रम का संचालन स्नेहा अग्रवाल एवं अभिमन्यु टेकाम ने आभार व्यक्त किया ।

## अल्प प्रवास पर गौतम अडानी पहुंचे ग्राम पताढ़ी,किया संयंत्र का निरीक्षण

**कोरबा।** कोरबा-चांपा मार्ग पर स्थापित और संचालित पावर प्लांट विस्तार परियोजना का निरीक्षण करने देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी 26 जनवरी ग्राम पताढ़ी स्थित अडानी पावर प्लांट पहुंचे। उन्होंने यहां प्रस्तावित पावर प्लांट विस्तार परियोजना का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ परियोजना की प्रगति व भावी योजनाओं को लेकर चर्चा की। निरीक्षण उपरांत गौतम अडानी पावर प्लांट कैंटीन पहुंचे, जहां उन्होंने कर्मचारियों के साथ बैठकर भोजन किया। कर्मचारियों से हुए इस आत्मीय संवाद ने पूरे प्लांट परिसर में सकारात्मक माहौल बना दिया। इस पहल से कर्मचारी खासे प्रभावित नजर आए। बताया जा रहा हैं की अडानी पावर के लैंको प्लांट में विस्तार को लेकर तकनीकी और प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तार से मंथन हुआ। अधिकारियों ने मौजूदा स्थिति, चुनौतियों और आगे की कार्ययोजना की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गौतम अडानी रायपुर पहुंचे थे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की थी। उस दौरान अडानी ग्रुप ने छत्तीसगढ़ में ?65,000 करोड़ से ?75,000 करोड़ के निवेश की घोषणा की थी। इस निवेश में पावर, सीमेंट, शिक्षा और हेल्थकेयर सेक्टर शामिल हैं। प्रस्तावित निवेश योजना के तहत कोरबा, रायगढ़ और रायपुर क्षेत्रों में पावर प्लांट विस्तार को अहम माना जा रहा है। पताढ़ी पावर प्लांट का यह निरीक्षण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण



# एचटीपीएस में उत्साह से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**संयंत्र परिसर में मुख्य अभियंता ने फहराया तिरंगा**



कोरबा। पश्चिम 27 जनवरी 2026- हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। विद्युत संयंत्र परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता एचके. सिंह ने बलिदानी वीरों के शहादत को नमन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके. पांडे, केएनबी.राव, महिमा मिंज, पीके जोशी, एके शाह, परियोजना प्रबंधक एसके पंड्या, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके.कुरनाल, संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूक्मणी सिंह और महिला मंडल की पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के मंच से मुख्य अभियंता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष महोदय के संदेश का वाचन किया। इसके बाद उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इंडिपेंडेंट पॉवर प्राड्यूसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम की 500 मेगावाट विस्तार ईकाई को माह दिसंबर, वर्ष 2015 के पूर्व स्थापित विद्युत इकाई की श्रेणी में सेकंड रनरअप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मुख्य अभियंता ने बताया कि 210 मेगावाट की इकाई क्रमांक-एक ने पांच साल के भीतर दिसंबर, वर्ष 2025 में 156.92 मिलियन यूनिट सर्वाधिक मासिक विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान बनाया है। इसके लिये मुख्य अभियंता ने अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक साथियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।मुख्य अभियंता ने कहा कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह दिसंबर की रिपोर्ट में देशभर की 33 विद्युत उत्पादक संस्थाओं के बीच छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी ने 87.11 प्रतिशत पीएलएफ के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। यह कंपनी की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली एवं टीम भावना का परिणाम है। इसके लिए आप सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक साथी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने नई परियोजना के बारे में बताते हुए कहा कि 1320 मेगावाट विद्युत संयंत्र का कार्य तेज गति से जारी है। संयंत्र के समीपस्थ गांवों में निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के तहत ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण एवं विद्यार्थियों की कॅरियर काउंसिलिंग की जा रही है।

उत्तम कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए मुख्य अभियंता ने कहा कि मुख्यालय डंगनिया रायपुर में राज्य स्तर पर संयंत्र परिचारक श्रेणी-दो शमीम सिद्दीकी एवं केंद्रीय कार्यालय स्तर पर कार्यपालन अभियंता सुभाष कुमार यादव को सम्मानित किया जा रहा है। मुख्यालय की अनुशंसा पर क्षेत्रीय स्तर पर कार्यपालन अभियंता ओमप्रकाश रात्रे, सहायक अभियंता मोहित कुमार पटेल, अंकुश पाहवा व जयंती देवांगन एवं कनिष्ठ अभियंता सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं एक हजार रूपए नकद से विद्युत गृह में सम्मानित किया गया। विद्युत गृह स्तर पर 61 व्यक्तिगत पुरस्कार, 30 लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और 25 समूह पुरस्कार में 70 अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकाश्रमिकों को सम्मानित किया गया।



बाइपास रोड कुंआभट्टा स्थित पूर्वाचंल सर्वसमाज भवन प्रागंण में पूर्वाचंल सर्वसमाज द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर ठाकुर अवधेश सिंह कार्यकारी अध्यक्ष विकास सिंह , बच्चू सिंह, विजय सिंह, साकिर अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# बालको उत्पादन के साथ ही सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैः सीईओ राजेश कुमार

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने बी.आर. आंबेडकर स्टेडियम में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा विविधता, समानता और समावेशिता के प्रतीक स्वरूप एक ट्रांस महिला के नेतृत्व में प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। इस अवसर पर सीईओ ने सुरक्षा कर्मियों की अनुशासित एवं जोशपूर्ण परेड की सराहना की।समारोह में देशभक्ति का रंग भरते हुए बालको के आसपास स्थित 10 स्कूलों के 1,900 से अधिक विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। विभिन्न नृत्य और कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और साझा विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। बालको द्वारा आकर्षक झांकियों की शोभायात्रा भी निकाली गई। इन झांकियों में पॉटलाइन, पावर, लॉजिस्टिक्स, मानव संसाधन और फायर सेफ्टी सहित विभिन्न व्यावसायिक कार्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। झांकियों ने बालको के कार्यों के साथ-साथ समावेशी विकास और सामूहिक प्रगति के प्रति

**बालको ने धूमधाम से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस**



कंपनी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। भारत की विकास यात्रा में बालको के योगदान की चर्चा करते हुए कंपनी के सीईओ श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम राष्ट्र निर्माण को एक साझा जिम्मेदारी मानते हैं। कंपनी उत्पादन के साथ ही सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की एल्यूमिनियम इंडस्ट्री के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में, हम अपने औद्योगिक क्षमताओं को सशक्त बनाते हुए सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास को अपने कार्यों का अभिन्न हिस्सा बनाए रखते हैं। समुदायों और साझेदारों के साथ मिलकर कार्य करते हुए हम दीर्घकालिक मूल्य सृजन और भारत की प्रगति में सार्थक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें हमारी 1 मिलियन टन विस्तार योजना एक महत्वपूर्ण कदम है।नगर गौरव पुरस्कार समारोह में बालकोनगर क्षेत्र के सेंट्रल बोर्ड एवं छत्तीसगढ़ बोर्ड के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं के दो टॉप विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं ?10,000 नकद राशि प्रदान की गई, जबकि कक्षा 12वीं के दो टॉप विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं लैपटॉप देकर उनके परिजनों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, परेड और झांकी प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली टीमों को भी पुरस्कृत किया गया।गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के उपरांत सीईओ श्री कुमार ने बालको अस्पताल, में जाकर मरीजों को फल वितरित किया। यह पहल समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति बालको की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।गणतंत्र दिवस समारोह में 6,000 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, व्यावसायिक साझेदार, उनके परिवारजन, यूनियन के पदाधिकारी तथा स्थानीय समुदाय के सदस्य शामिल हुए। सभी ने एक साथ मिलकर एकता, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्रीय गौरव की भावना का उत्सव मनाया।

## जिपं अध्यक्ष डॉ. पवन ने मनोज सहित कई कर्मियों को किया सम्मानित



**कोरबा ।** गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला पंचायत में शासकीय सेवाओं में विशिष्ट कार्य करते हुए विभागीय कार्य और योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने मनरेगा, कार्यालय जिला पंचायत में पदस्थ सहायक प्रचार प्रसार अधिकारी श्री मनोज कुमार रजक को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की शासकीय योजनाओं के बेहतर प्रचार-प्रसार करने, समाचार लेखन,विभागीय दायित्वों का कुशल निर्वहन करने पर पुरस्कृत किया। इसी तरह जिला पंचायत के अविनाश कंवर सहायक ग्रेड तीन, सुश्री अंकिता अकेला लेखा सह एमआईसी सहायक,श्री राम पटेल एवं श्री रमेश कुमार कंवर को पुरस्कृत किया गया।

# बदहाली के दौर से गुजर रहे जिले के अधिकांश तालाब

## कागजों में ही सिमटकर रह गई साफ-सफाई के लिए बनाई समिति

**जांजगीर चांपा।** अविभाजित जांजगीर चांपा व सक्ती जिले के अधिकांश तालाब बदहाली के दौर से गुजर रहे है। इनके संरक्षण व संवर्धन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई स्वच्छता समिति महज कागजों में ही सिमटकर रह गई है।

गौरतलब है कि अविभाजित जांजगीर चांपा एवं सक्ती जिले में 653 ग्राम पंचायत एवं 920 राजस्व गांव की संख्या है, वहीं 7652 तालाबों है। इनमें 4457 शासकीय तो वही 2986 निजी तालाब है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का संवर्धन एवं संरक्षण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण अधिकांश तालाब इन दिनों अस्तित्व संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए निस्तारी का प्रमुख संसाधन तालाब ही है, नी लेकिन तालाबों की साफ सफाई नहीं होने से अधिकांश तालाब जलकुंभी एवं कचरे से अटा पड़ा है। ग्राम पंचायतों में तालाबों के रखरखाव एवं साफ सफाई के लिए बनाई गई समिति महज कागजों में ही सिमट कर रह जाती है। पहले जहां ग्रामीण क्षेत्रों में धान सहित अन्य फसलों के लिए तालाबों के माध्यम से ही पानी पहुंचाया जाता था, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का उपयोग खेती-बाड़ी के लिए पहले की अपेक्षा अब कम होने लगा है। पहले 70 से 150 हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई तालाबों के माध्यम से ही होती थी,



लेकिन अब समय में परिवर्तन होने के साथ ज्यादातर सिंचाई नहर के माध्यम से होती है। हर साल गर्मी के दिनों में जल संकट की समस्या रहती है वही गांव के तालाबों का जलस्तर भी कम होने लगता है। ऐसे में पेयजल की समस्या भी मवेशियों के लिए होती है। इसके अलावा जल संकट के कारण ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले रहने वाले लोगों को कपड़े धोने स्नान एवं पेयजल के लिए भी जूझना पड़ता है। जांजगीर-चांपा जिले में सबसे अधिक तालाब नगर पंचायत खरौद में है। अकलतरा विकासखंड के नगर पंचायत नरियरा का रामसागर तालाब 100 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इसके बाद चांपा शहर का राम बांध का तालाब भी तकरीबन 85 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाए तो आधुनिकता के इस दौर में लोग तालाबों का उपयोग भी कम कर रहे हैं, जबकि पूर्व के समय में संसाधनों की समस्या थी जिसके कारण स्नान के लिए तालाब का का ही ज्यादातर लोग उपयोग करते थे। यही वजह है कि तालाबों की साफ-सफाई नियमित तौर पर नहीं हो पा रही है।

## कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट में फहराया तिरंगा

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में ध्वज फहराकर किया एवं सामूहिक रूप से राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत गाया गया। कलेक्टर ने समस्त जिलेवासियों एवं उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कलेक्टर श्री महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने सभी से संविधान में निहित मूल कर्तव्यों की रक्षा करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। कलेक्टर ने कहा कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करते हुए ईमानदारी से कार्य करें और संविधान की रक्षा करें।

# जगदगुरू शंकराचार्य को स्नान से रोकना भाजपा का हिन्दू विरोधी चरित्र :राजेश अग्रवाल

### शंकराचार्य का अपमान, सनातन धर्म का अपमान है

**जांजगीर चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी कर उत्तर प्रदेश प्रयागराज के माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित संतों को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। राजेश अग्रवाल ने कहा कि खुद को हिंदुओं का ध्वज वाहक बताने वाली भाजपा सरकार हिंदु संतों का अपमान कर रही है, और आज हालात यह है कि शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और पिछले 36 घंटे से अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक शंकराचार्य से बातचीत का कोई प्रयास तक नहीं किया गया है। शंकराचार्य जी का अपमान सनातन धर्म का अपमान है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक अखंड परंपरा है, भाजपा सरकार ने शंकराचार्य जी को स्नान से रोक कर सनातन परंपरा का अपमान किया है। भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों से केंद्र में सत्ता में है और हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन आज वही मोदी सरकार शंकराचार्य एवं उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है, उनके शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि शाही स्नान जैसी सदियों पुरानी परंपरा को रोकने का दुस्साहस किसी सरकार



को कैसे हुआ, जबकि इस परंपरा को न मुगलों ने रोका था और न ही अंग्रेजों ने रोका था। एक ओर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जेड-प्लस सुरक्षा दी जाती है, वहीं दूसरी ओर शंकराचार्य के समर्थकों के साथ मारपीट की जाती है।

शंकराचार्य जी को उनकी पालकी पर जाने तक की अनुमति नहीं दी जाती। राजेश अग्रवाल ने आगे यह सवाल भी किया कि क्या मोहन भागवत शंकराचार्य से बड़े हो गए हैं? शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी का अपराध केवल इतना है कि वे मोदी सरकार की कमियों पर सवाल उठाते हैं, सरकार की आलोचना करते हैं, अयोध्या में आधे-अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर आपत्ति जताते हैं, महाकुंभ में अव्यवस्थाओं और कोविड काल के दौरान गंगा में तैरती लाशों का उल्लेख करते हैं। इसीलिए भाजपा उनका अपमान करने पर तुली है।

## अमृत सरोवर तटों पर उत्साह पूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत अंतर्गत सभी अमृत सरोवर तटों पर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रध्वज फहराया गया तथा देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति श्रद्धा प्रकट की गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीण जनों को साफ-सफाई एवं जल संरक्षण के प्रति सामूहिक शपथ ली गई। सभी ने अपने ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा जल स्रोतों के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर 卐विकसित भारत -जी रामजी योजना卐 के अंतर्गत योजना एवं उनके उद्देश्यों की जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी गई। इस दौरान बताया गया कि यह योजना ग्रामीण विकास, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन के माध्यम से देश को



विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, स्थानीय ग्रामीण जन एवं महिला समूहों की उपस्थिति रही। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। अमृत सरोवर तटों पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल गणतंत्र दिवस के गौरवपूर्ण उत्सव का प्रतीक बना, बल्कि स्वच्छता, जल संरक्षण एवं जनजागरूकता का सशक्त संदेश भी जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा।

### सुदामा चरित्र से मिलती है भक्ति व निष्काम प्रेम की सीखः पं. शर्मा

**अकलतरा।** नगर के रामसागर तालाब के पास स्थित रामकुटी प्रांगण में आयोजित श्री मानस यज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा में व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक यशवंत शर्मा ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सुदामा और भगवान कृष्ण की मित्रता भक्ति, विनम्रता और निष्काम प्रेम का अद्भुत उदाहरण है। कथावाचक ने बताया कि सुदामा का चरित्र सच्ची भक्ति और बिना दिखावे की भावना का प्रतीक है। गुरुकुल में साथ अध्ययन करने वाले श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता समय, दूरी और परिस्थितियों से परे थी। निर्धन ब्राह्मण सुदामा संकोच में थोड़े से चूड़े के साथ द्वारका पहुंचे। उनकी साधारण वेशभूषा देखकर द्वारपालों ने उन्हें रोक दिया।



## 46 केन्द्रों में शिक्षक पात्रता परीक्षा 13 हजार 876 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए जांजगीर चांपा जिले में 46 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। वहीं इस एग्जाम में 13 हजार 876 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

ज्ञात हो कि रविवार 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ व्यापम परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 की परीक्षा दो पालीयों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में जिले के 17 परीक्षा केन्द्रों में 5313 अभ्यार्थी एवं द्वितीय पाली में 29 परीक्षा केन्द्रों में 8563 अभ्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रथम पाली में 9.30 बजे से 12.15 तक एवं द्वितीय पाली 3 बजे से 5.45 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी, परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। चूंकि प्रथम पाली की परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 प्रारंभ हो रह है तो मुख्य द्वारा 9 बजे । वं द्वितीय पाली की परीक्षा 3 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रात: 2.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का

**अनुचित संसाधनों का प्रयोग करने पर की जाएगी कठोर कार्रवाई**

कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा।

स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णत: वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन लेकर ही आयें।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला पंचायत कार्यालय में फहराया तिरंगा

**जांजगीर-चांपा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने जिला पंचायत कार्यालय परिसर में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत का गायन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड कोरबा (छ.ग.)**
Near Rotary Chowk, Dingapur, Korba (C.G.)
Contact No. : 07759-228663 , E-mail:eekor-phe-cg@nic.in

निविदा क्र. 26/का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2026 कोरबा, दिनांक 23.01.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कोरबा के अंतर्गत नीचे लिखे कार्य हेतु एकल पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में श्रेणी ''डी'' एवं उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर केवल व्यक्तिगत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है।

इस कार्य हेतु E-in-C, PHED, Raipur द्वारा USOR जो दिनांक 07.02.2013 से प्रभावशील है तथा अन्य कार्य हेतु E-in-C, PWD (B/R) Raipur के CSR जो कि दिनांक 01.01.2015 को जारी एवं संशोधन दिनांक 06.04.2016 जो प्रचलित है एवं इस निविदा के जारी होने के दिनांक तक हुए समस्त संशोधनों के अनुसार लागू होगी।

**1. समय सारिणी :-**
1.1 निविदा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 30.01.2026 समय सायं 5:30 बजे तक
1.2 कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि :- 05.02.2026 समय सायं 5:30 बजे तक
1.3 निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम/ तिथि/समय :- 09.02.2026 समय सायं 4:00 बजे तक
1.4 निविदा खोलने की तिथि/समय :- 09.02.2026 समय सायं 4:30 बजे से
**2.0 कार्य का विवरण :-** कटघोरा आवर्धन जल प्रदाय योजनांतर्गत उपखण्ड कटघोरा में उपलब्ध 250 मि.मी. व्यास के DI K-7 पाईप इंटकवेल से WTP तक बिछाने, जोड़ने संबंधी कार्य (संलग्न शेड्यूल अनुसार)
2.1 कार्य की अनुमानित लागत :- रू. 1.68 लाख
2.2 धरोहर राशि :- रू. 2000.00
2.3 कार्य करने की अवधि :- 15 दिवस
2.4 निविदा प्रपत्र का मुल्य :- रू. 300.00

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंश है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

''हैण्डपंप संबंधी शिकायत टोल फ्री नं. 18002330008 पर दर्ज करावें''

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विभाग
खण्ड-कोरबा (छ.ग.)

जी-252606280/3

## कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जीवनदीप समिति के स्वीकृत कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमें नवनिर्मित ओ.पी.डी. हॉल, नवीन ओ.टी. अतिरिक्त कक्ष, मरचुरी का जीर्णोद्धार व शेड निर्माण, सामूहिक शौचालय निर्माण, पेईंग वार्ड एवं अटल समरसत्ता भवन के के सामने नवीन गार्डन निर्माण, नवीन स्थानान्तरित पोषण पुनर्वास केन्द्र, आपातकालीन, प्रसव, नेत्र, आर्थो, मेजर तथा माईनर ओ.टी. एवं सी.सी.एच.बी. द्वारा निर्मित लिफ्ट निर्माण, 50 बिस्तरीय सी.सी.एच.बी. के निर्माण का निरीक्षण किया एवं निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिकित्सालय मे मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं का भी जानकारी ली। जिसमें ओ.पी.डी., सर्जरी, भर्ती मरीजों को प्रदाय की जाने वाली भोजन की व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय को नवीन मेडिकल कॉलेज में उन्नयन करने के संबंध में भी पूर्ण जानकारी ली।



## विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री बने रविकांत धीवर

**जांजगीर-चांपा।** विगत दिनों 17 एवं 18 जनवरी को महासमुंद में विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं ने अपनी बातें रखी तथा कुछ सक्रिय युवाओं को विश्व हिंदू परिषद के महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति दी गई। इसी के तहत विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री पूर्णेन्द्र कुमार सिन्हा के द्वारा जिला जांजगीर चांपा के सक्रीय युवक रविकांत धीवर को जांजगीर चांपा जिले का मंत्री बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है तथा उन्हें उनके शुभचिंतकों द्वारा बधाइयां प्रेषित की जा रही हैं। रविकांत धीवर की नियुक्ति से जिले में संगठनात्मक मजबूती आएगी ऐसा माना जा रहा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के न्यायालय में**
**मामला क्र : 202601330400006**

विषय : अ-6 मामले की श्रेणी : राजस्व
सन : - 2025-2026
मनेन्द्रगढ़ प.ह.नं. 00014 (हे.)
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - दीपक गुप्ता
अनावेदक पक्षकार - प्रदीप केशरवानी, दिलीप कुमार गुप्ता

**ईश्तहार**

क्र.140 वाचक-04.2026 मने.दिनांक 15.01.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक गुप्ता आ. स्व. बिहारीलाल केशरवानी, निवासी वार्ड नं. 10 अग्रवाल लॉज रोड मनेन्दगढ़, जिला-एम.सी.बी. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मनेन्द्रगढ़ स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 422/57 रकबा 880 वर्गफुट भूमि आवेदक एवं अनावेदकगण की माता राजकुमारी के नाम से नजूल अभिलेखों में दर्ज है। आवेदक अनावेदकगण प्रदीप केशरवानी एवं दिलीप कुमार गुप्ता के माता एवं पिता की मृत्यु हो चुकी है। आवेदक उक्त नजूल भूखण्ड क्र. 422/57 रकबा 880 वर्गफुट भूमि के नजूल अभिलेखों से राजकुमारी का नाम विलोपित कर आवेदक एवं अनावेदकगण के साथ संयुक्त खातेदार के रूप में नाम दर्ज कराना चाहता हूं।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दावा आपत्ति आगामी पेशी तारीख 29.01.2026 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.01.2026 को जारी किया जाता है।

(सील)

Lingraj Sidar
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
मनेन्द्रगढ

## पीपरा-बरगांव रोड के करीब खेत में युवती का शव मिला, हत्या की आशंका

**जांजगीर।** जांजगीर जिले के पीपरा और बरगांव के बीच मरघट के पास एक खेत में कीचड़ से सना अर्धनग्न युवती का शव मिला है। युवती की पहचान 21 वर्षीय पूजा महंत के रूप में हुई है। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक तौर पर मामला हत्या का माना जा रहा है।

मंगलवार को पीपरा-बरगांव मार्ग पर खेत की जुताई करने पहुंचे ग्रामीणों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर मृतका के पिता विशंभर दास मौके पर पहुंचे। चप्पल और हुलिए के आधार पर उन्होंने शव की पहचान अपनी बेटी पूजा महंत के रूप में की। जानकारी के अनुसार पूजा सोमवार रात करीब 8 बजे अपनी सहेलियों के साथ ग्राम किरीत में वार्षिक उत्सव देखने गई थी।

वह रात करीब 12 बजे घर लौटी थी। मंगलवार सुबह जब पिता उठे तो पूजा घर पर नहीं थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में वह तड़के करीब 4ः30 बजे मोबाइल पर बात करते हुए घर से निकलती हुई नजर आई है। मौके पर एफएसएल और साइबर सेल की टीम पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एफएसएल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। युवती का मोबाइल फोन मौके से गायब है और उसका कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकाला जा रहा है।

## जिले में रक्तदान शिविर आयोजित करने हेतु निर्देश जारी

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बिना लिखित अनुमति कोई भी रक्तदान शिविर आयोजित नहीं किया जाएगा। जिला जांजगीर-चांपा में रक्तदान शिविर आयोजित करने हेतु कम से कम 07 दिन पूर्व कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जांजगीर-चांपा में आवेदन किया जाना आवश्यक होगा। रक्तदान पूर्णतः स्वैच्छिक एवं निःशुल्क होना अनिवार्य है। प्रत्येक रक्तदाता की मेडिकल जांच, लिखित सहमति, पहचान एवं रिकॉर्ड संधारण अनिवार्य रूप से किया जाए। भारत सरकार एवं राज्य शासन के एनबीटीसी, एसबीटीसी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा। किसी भी बाहरी एजेंसी या दलाल से संपर्क अथवा लेन-देन नहीं किया जाएगा। दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए यदि रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं तथा जांच में कोई संस्था, ब्लड बैंक अथवा व्यक्ति दोषी पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अवैध व अनियमित रक्तदान शिविरों से एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी एवं सिफलिस जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। इससे रक्तदाता के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है तथा मरीजों को असुरक्षित रक्त मिलने की संभावना रहती है। साथ ही राष्ट्रीय रक्त सुरक्षा मानकों का उल्लंघन होता है।केवल मान्यता प्राप्त ब्लड बैंक अथवा शासकीय शिविर में ही रक्तदान करें। यदि कोई संस्था पैसे का लालच देकर रक्तदान कराती है तो सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सीएमएचओ कार्यालय अथवा जिला स्वास्थ्य विभाग को दें। रक्तदान के बाद कमजोरी, चक्कर या बुखार जैसे लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।स्वास्थ्य विभाग जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि मानव जीवन की रक्षा हेतु रक्तदान को पवित्र सेवा के रूप में अपनाएं तथा इसे किसी भी प्रकार के व्यावसायिक लेन-देन का माध्यम न बनने दें।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने हाई स्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में हर्ष फायर के साथ शांति एवं उत्साह के प्रतीक गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। साथ ही मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा आम नागरिकों के नाम संदेश का वाचन किया। श्री चौधरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिजन को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, झांकी एवं परेड में विजेता टीम को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस दौरान विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद गुहाराम अजगले, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, सुश्री आशा साव, श्रीमती प्रियंका पुष्पेंद्र सिंह, राज कुमार साहू, अमर सुलतानिया, इंजी. रवि पांडेय, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, विकास





शर्मा,आशुतोष गोस्वामी, हितेश यादव, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप सहित जिला पंचायत सदस्य, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में आमनागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री सतीश सिंह एवं श्री दीपक यादव ने किया।

**मुख्य अतिथि ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि**

मुख्य अतिथि वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय के कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

समारोह में परेड सीनियर वर्ग में प्रथम जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल द्वितीय और तृतीय स्थान सीएएफ 11वीं बटालियन भारत रक्षित को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में एनसीसी ट्रूप नंबर 325 बालक शा उ मा वि क्रमांक 1 जांजगीर को प्रथम स्थान, एनसीसी ट्रूप नंबर 325 विंग बालिका शा उ मा वि क्रमांक 1 जांजगीर द्वितीय तथा एनसीसी ज्ञानदीप उ. मा. वि जांजगीर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही परेड महाविद्यालय में एनसीसी बालक टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर प्रथम एवं एनसीसी बालिका टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मनका पब्लिक स्कूल चांपा को प्रथम, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी को द्वितीय एवं कस्तुरबा गांधी



आवासीय विद्यालय ससहा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा विकास की झलक का प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदर्शित झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार द्वितीय स्थान प्राप्त पुलिस विभाग एवं तृतीय स्थान कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को प्राप्त हुआ।

## अनमोल वचन......

हर स्ट्राइक मुझे अगले होम रन के करीब ले जाती है।

# संदेश नाकारात्मक है

जिस समय मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत से वार्ता अंतिम दौर में है और इसी हफ्ते उसकी घोषणा की आशा है, जीएसपी के तहत मिली छूट की सुविधा हटाने के ईयू के कदम से नकारात्मक संदेश गया है। भारतीय उत्पादों से सामान्यीकृत प्राथमिकता प्रणाली (जीएसपी) के तहत मिली छूट को हटा लेने के यूरोपियन यूनियन (ईयू) के फैसले पर केंद्र ने कहा है कि भारतीय निर्यात पर इसका ज्यादा असर नहीं होगा। सरकार का दावा है कि इससे भारत के सिर्फ 2.66 प्रतिशत निर्यात प्रभावित होंगे। जबकि ईयू मुख्यालय से आई खबरों में बताया गया है कि जीएसपी छूट वापस होने से वस्त्र, प्लास्टिक, धातु, इंजीनियरिंग साग्रियां सहित लगभग 87 फीसदी भारतीय निर्यात यूरोपीय बाजार में बांग्लादेश या वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के उत्पादों की तुलना में महंगे हो जाएंगे। जिस समय मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत से वार्ता अंतिम दौर में है और इसी हफ्ते उसकी घोषणा की आशा है, बेशक ईयू के इस कदम से नकारात्मक संदेश गया है। एक समझ यह है कि इससे व्यापार वार्ता में भारत की स्थिति कमजोर हुई है। जो छूट दशकों से हासिल थी, उसे बहाल कराना भी अब इस वार्ता में भारत का एक मकसद हो जाएगा। दूसरी तरफ उन रियायतों को ईयू भारत के लिए नई छूट के रूप में पेश कर सकता है। पहले ही सहमति ना बनने के कारण कृषि एवं निवेश संरक्षण जैसे क्षेत्रों को फिलहाल प्रस्तावित समझौते से अलग रखने का फैसला हुआ है। ईयू के कार्बन टैक्स का मुद्दा अभी अनसुलझा है। इस बीच मदर ऑफ ऑल डील्स तथा रक्षा एवं सुरक्षा समझौता होने जैसी बातें कही जरूर गई हैं।

मगर यह भी साफ किया गया है कि 27 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाली भारत- ईयू शिखर बैठक के दौरान समझौतों पर दस्तखत नहीं होंगे। इस बारे में सिर्फ आम सहमति बनने की घोषणा ही अपेक्षित है। गौरतलब है कि ईयू से मुक्त व्यापार समझौते की बात दशक पुरानी हो चुकी है। डॉनल्ड ट्रंप के दौर में बने अमेरिकी दबाव के कारण ईयू और भारत दोनों नए सहभागी ढूंढने को मजबूर हुए हैं, तो इस वार्ता को तरजीह मिली है। मगर अड़चनें अभी बरकरार हैं। इसी बीच ईयू ने जीएसपी सुविधा हटा कर अटकलों को हवा दी है। ऐसा जानबूझ कर किया गया या नहीं, इस बारे में फिलहाल कयास लगाए जा रहे हैं।

## राशिफल

मेष राशि मंगलवार को मेष राशि वालों के लिए दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहने वाला है। सुबह के समय नए कार्यों को शुरू करने की इच्छा प्रबल रहेगी और आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ महसूस होगा। सामाजिक गतिविधियों या किसी छोटे आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

वृषभ राशि के जातकों के लिए दिन थोड़ा उलझन भरा हो सकता है। कुछ काम अपेक्षा के अनुसार पूरे न होने से मन असंतुष्ट रह सकता है। कार्यस्थल पर दबाव अधिक महसूस होगा, जिससे मानसिक थकावट बढ़ सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी और रुके हुए कामों में गति आएगी।

मिथुन राशि वालों के लिए यह दिन सक्रियता और संपर्कों से भरा रहेगा। पारिवारिक और व्यावसायिक दोनों मोर्चों पर व्यस्तता बनी रहेगी। कोई नया अवसर या जिम्मेदारी मिलने से उत्साह बढ़ेगा। काम का बोझ अधिक होने के कारण थकान महसूस हो सकती है, लेकिन लक्ष्य पूरे होने से संतोष भी मिलेगा।

कर्क राशि के जातकों के लिए यह दिन जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए प्रयासों की शुरुआत हो सकती है, लेकिन शुरुआत में दिशा को लेकर असमंजस महसूस होगा। वरिष्ठों की सलाह लेने से स्थिति स्पष्ट होगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत रहेगी, खासकर बाहर की भागदौड़ से बचना बेहतर रहेगा।

सिंह राशि वालों के लिए दिन की शुरुआत कुछ भारीपन के साथ हो सकती है। मानसिक तनाव या चिंता के कारण एकाग्रता प्रभावित हो सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और पारिवारिक माहौल सुखद बनेगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए यह दिन संयम और धैर्य की मांग करेगा। नए कार्यों या लंबी यात्राओं को फिलहाल टालना बेहतर रहेगा। मानसिक रूप से आप अंतर्मुखी रह सकते हैं और आध्यात्मिक विषयों की ओर झुकाव बढ़ सकता है। क

तुला राशि वालों के लिए मंगलवार का दिन सकारात्मक शुरुआत के साथ आएगा। नया काम शुरू करने या किसी योजना पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं और किसी अहम मीटिंग से फायदा हो सकता है। व्यापार विस्तार के लिए यात्रा की संभावना भी बन सकती है।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह दिन बौद्धिक गतिविधियों और योजनाओं में व्यस्त रहने वाला है। धन से जुड़े मामलों में समय अनुकूल है और व्यापार में लाभ मिलने की संभावना है। दोपहर के बाद मित्रों या रिश्तेदारों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही नुकसानदेह हो सकती है, इसलिए दिनचर्या पर ध्यान दें।

धनु राशि वालों को मंगलवार को स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। मेहनत के बावजूद अपेक्षित परिणाम न मिलने से निराशा हो सकती है। यात्रा से बचना हितकर रहेगा। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा।

मकर राशि के जातकों के लिए यह दिन भावनाओं पर नियंत्रण रखने का है। जमीन-जायदाद या दस्तावेजों से जुड़े मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। मानसिक चिंता बनी रह सकती है, इसलिए धैर्य से काम लें। संतान या परिवार से जुड़ी किसी बात को लेकर मन व्यस्त रहेगा। अधिकारियों या प्रशासन से बातचीत में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। यात्रा की योजना फिलहाल टालना बेहतर रहेगा।

कुंभ राशि वालों के लिए दिन नए विचारों और योजनाओं से भरा रहेगा। हालांकि किसी बड़े निर्णय को लेने से पहले रुककर सोचने की जरूरत होगी। कार्यस्थल पर पुराने अधूरे काम निपटाने पर ध्यान जाएगा। रचनात्मक या साहित्य से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में बदलाव आएगा, लेकिन मन में भ्रम बना रह सकता है।

मीन राशि के जातकों के लिए मंगलवार को आर्थिक मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। खर्च बढ़ने से चिंता हो सकती है और आय बढ़ाने के नए विकल्पों पर विचार करेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कड़ी रहेगी और विरोधी सक्रिय रह सकते हैं। वाणी और व्यवहार में संयम रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। स्वास्थ्य को नजरअंदाज करना नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए दिनचर्या पर ध्यान दें। परिवार के सदस्यों की भावनाओं को समझना और सम्मान देना जरूरी रहेगा।

# मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स ने ट्रंप की टैरिफ वाली राजनीति को दिया तगड़ा जवाब

//नीरज कुमार दुबे //

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर को भारत के आर्थिक भविष्य के लिए निर्णायक बताते हुए कहा कि भारत और यूरोपीय संघ मिलकर वैश्विक जीडीपी का लगभग पच्चीस प्रतिशत और दुनिया के कुल व्यापार का करीब एक तिहाई हिस्सा रखते हैं। भारत और यूरोपीय संघ के बीच लंबे इंतजार के बाद मुक्त व्यापार समझौता आखिरकार संपन्न हो गया। इसे दोनों पक्षों ने मदर ऑफ ऑल डील्स कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा के साथ इस समझौते के राजनीतिक ऐलान पर हस्ताक्षर और आदान प्रदान हुआ।**



यूरोपीय संघ ने अगले दो वर्षों में पांच सौ मिलियन यूरो की सहायता से भारत के हरित ऊर्जा और जलवायु प्रयासों को समर्थन देने की बात भी कही है। यह समझौता केवल आर्थिक नहीं बल्कि जलवायु और रणनीतिक आयाम भी रखता है। हम आपको यह भी बता दें कि इस समझौते के लागू होने में अभी कुछ समय लगेगा और इसके 2027 की शुरुआत में प्रभावी होने की संभावना है।

देखा जाये तो भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ यह मुक्त व्यापार समझौता बदलती वैश्विक राजनीति में एक स्पष्ट संदेश भी है। यह संदेश खास तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दबाव और टैरिफ आधारित नीति के लिए करारा झटका है। बीते वर्षों में अमेरिका ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल किया। ऊंचे शुल्क धमकियां और सहयोगियों पर दबाव ट्रंप की पहचान बन गई। भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर अतिरिक्त शुल्क और यूरोप पर लगातार दबाव इसी नीति का उदाहरण हैं। ऐसे माहौल में भारत और यूरोपीय संघ का एक दूसरे के साथ इतनी व्यापक डील करना यह दिखाता है कि दुनिया अब दबाव नहीं बल्कि साझेदारी चाहती है। यह समझौता इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका और यूरोप के बीच व्यापार वार्ता ठंडी पड़ी हुई है।

यूरोप ने साफ कर दिया कि वह अपमान और धमकी की राजनीति के आगे नहीं झुकेगा। भारत ने भी अमेरिका के साथ व्यापार वार्ताओं में कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी लाल रेखा स्पष्ट रूप से सामने रखी है।इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने पिछले एक दशक में आत्मविश्वास और व्यवहारिकता का नया मेल दिखाया है। भारत ने अमेरिका, यूरोप, रूस और एशिया सभी के साथ अपने हितों के आधार पर संबंध रखे। भारत न तो किसी दबाव में झुका और न ही टकराव की भाषा अपनाई। यही कारण है कि यूरोपीय संघ जैसा जटिल समूह भारत के साथ इतने व्यापक समझौते पर सहमत हुआ।सामरिक दृष्टि से यह समझौता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध बनाने में मदद करेगा। चीन पर निर्भरता कम करने और सुरक्षित सप्लाई चेन बनाने की यूरोप की जरूरत भारत को स्वाभाविक साझेदार बनाती है। यह समझौता भारत के लिए तकनीक निवेश और रोजगार का नया रास्ता भी खोलता है। साथ ही रक्षा और सुरक्षा सहयोग से हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को भी बल मिलेगा। यह डील यह भी दिखाती है कि व्यापार समझौते केवल आर्थिक लाभ के लिए नहीं बल्कि राजनीतिक संतुलन के लिए भी होते हैं। भारत और यूरोप दोनों ही यह संकेत दे रहे हैं कि वह बहुध्रुवीय दुनिया में स्वतंत्र फैसले लेने को तैयार हैं। ट्रंप की टैरिफ नीति के उलट यह समझौता संवाद, विश्वास और सम्मान पर टिका है। क्त व्यापार समझौता नई वैश्विक व्यवस्था की झलक है। जहां दबाव की जगह साझेदारी है और धमकी की जगह भरोसा। मोदी सरकार की विदेश नीति ने भारत को इस मुकाम पर पहुंचाया है जहां वह न केवल अपने हितों की रक्षा करता है बल्कि वैश्विक स्थिरता में भी निर्णायक भूमिका निभाता है। यही इस ऐतिहासिक समझौते की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

इस अवसर पर यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि आज भारत और यूरोप इतिहास बना रहे हैं। यह समझौता दो अरब लोगों का मुक्त व्यापार क्षेत्र तैयार करता है जिससे दोनों पक्षों को लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल शुरुआत है और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर को भारत के आर्थिक भविष्य के लिए निर्णायक बताते हुए कहा कि भारत और यूरोपीय संघ मिलकर वैश्विक जीडीपी का लगभग पच्चीस प्रतिशत और दुनिया के कुल व्यापार का करीब एक तिहाई हिस्सा रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों और करोड़ों यूरोपीय नागरिकों के लिए नए अवसर खोलेगा। हम आपको बता दें कि इस मुक्त व्यापार समझौते के तहत यूरोपीय संघ अपने लगभग 97 प्रतिशत वस्तु निर्यात पर भारत में शुल्क हटाएगा या कम करेगा। इससे हर साल करीब चार अरब यूरो की बचत होगी। भारत के लिए इसका मतलब है कि यूरोपीय कारें, बीयर, जैतून का तेल और प्रोसेस्ड फूड सस्ते होंगे। वहीं भारत को कपड़ा, चमड़ा, समुद्री उत्पाद और कई श्रम आधारित क्षेत्रों में शुल्क मुक्त या रियायती पहुंच मिलेगी। देखा जाये तो भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते के बाद भारत में कई यूरोपीय उत्पाद सस्ते होने की संभावना है। इस समझौते के तहत यूरोप से आयात होने वाली प्रीमियम कारों पर शुल्क में कटौती होगी जिससे बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज जैसी गाड़ियां पहले के मुकाबले कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगी। यूरोपीय शराब, बीयर और वाइन पर भी टैक्स घटेगा जिससे ये उत्पाद आम उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ होंगे। इसके अलावा, चॉकलेट और अन्य खाद्य वस्तुएं भी सस्ती हो सकती हैं। साथ ही मेडिकल उपकरण, ऑप्टिकल मशीनें और उन्नत तकनीकी सामान पर शुल्क हटने से स्वास्थ्य सेवाओं और उद्योगों की लागत कम होगी। वहीं रत्न, आभूषण और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में शून्य शुल्क का लाभ मिलने से इन उत्पादों की कीमतों पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा और घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। समझौते के तहत मशीनरी, रसायन और दवाओं पर ऊंचे शुल्क लगभग खत्म हो जाएंगे। विमान और अंतरिक्ष उपकरणों पर भी शुल्क हटाने का रास्ता साफ हुआ है। यूरोपीय संघ का अनुमान है कि इससे वर्ष 2032 तक उसका भारत को निर्यात दोगुना हो सकता है। साथ ही दोनों पक्षों ने व्यापार के साथ सुरक्षा और रक्षा साझेदारी की भी घोषणा की है।

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'

//विनीत नारायण//

**स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते' में जमा किया जाता है। भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं।**

ऐसे में, स्विट्जरलैंड की 'समय बैंक' अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समय' जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है।

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते' में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है।

कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, 'समय बैंक' उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक 'समय बैंक कार्ड' जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में 'समय और समय ब्याज' निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है।भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंक' जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, स्विट्जरलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि 'समय बैंक' में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुई, तो 'समय बैंक' ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा। कुछ दिनों में वे स्वस्थ हो गईं और फिर से सेवा में लग गईं। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे यह प्रणाली व्यावहारिक और प्रभावी है। भारत में भी, यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसा कार्यक्रम शुरू करें, तो लाखों बुजुर्गों का जीवन बेहतर हो सकता है।

हालांकि, भारत में इसे लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों पर विचार करना जरूरी है। सबसे पहले, कार्यक्रम की प्लेटफार्म की जरूरत होगी, जहां सेवा घंटों को रिकॉर्ड किया जा सके। आधार कार्ड और डिजिटल इंडिया जैसे मौजूदा सिस्टम इसमें मदद कर सकते हैं। दूसरा, स्वयंसेवकों की ट्रेनिंग जरूरी है, ताकि वे बुजुर्गों की भावनात्मक और शारीरिक जरूरतों को समझ सकें। तीसरा, दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया होनी चाहिए, जैसे कि समय निकासी के समय पहचान जांच। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी एक समस्या हो सकती है, इसलिए ऑफलाइन मोड भी विकसित किया जाना चाहिए।

सरकार को दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तरह से शुरुआत करनी चाहिए। यदि सफल राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के साथ एकीकृत किया जा सकता है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होगी। कॉर्पोरेट घराने एनजीओ को अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड्स और स्थानीय समुदायों द्वारा इसे सहयोग करें। इससे न केवल बुजुर्गों की देखभाल सुनिश्चित होगी बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी।


इस अवधारणा के सामाजिक लाभ भी कम नहीं हैं। आज के दौर में, जहां अकेलापन एक महामारी बन गया है, 'समय बैंक' लोगों को जोड़ सकता है। बुजुर्गों से बातचीत करने से युवाओं को जीवन के अनुभव मिलेंगे, और बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन। यह भारतीय मूल्यों–जैसे 'सेवा परमो धर्म' से मेल खाता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रणाली पेंशन को पूरक बनाती है, जहां पेंशन इतनी अच्छी है कि भोजन और आवास की चिंता नहीं होती, लेकिन भारत में जहां पेंशन सीमित है, यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टि से भी यह फायदेमंद है। भारत में बुजुर्ग देखभाल पर खर्च बढ़ रहा है नर्सिंग होम और अस्पताल महंगे हैं। 'समय बैंक' से स्वयंसेवी देखभाल बढ़ेगी, जिससे सरकारी व्यय कम होगा। विश्व बैंक की रिपोर्ट्स बताती हैं कि एजिंग पॉपुलेशन विकासशील देशों के लिए चुनौती है, लेकिन ऐसे नवाचारी मॉडल से इसे अवसर में बदला जा सकता है। स्विट्जरलैंड में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और अब दुनिया के अन्य देशों को इसे अपनाना चाहिए। भारत सरकार केंद्र और राज्य स्तर पर को इस 'समय बैंक' अवधारणा पर विचार करना चाहिए। इसे लागू करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की जाए, जो स्विट्जरलैंड के मॉडल का अध्ययन करे और भारतीय संदर्भ में अनुकूलित करे। यदि हम आज कदम उठाएं, तो कल के बुजुर्ग–जो आज के युवा हैं–एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। यह न केवल एक नीति है, बल्कि मानवता का निवेश है। समय सबसे मूल्यवान मुद्रा है और इसे बैंक में जमा करने का विचार दुनिया को बदल सकता है। आइए, हम इसे अपनाएं और एक बेहतर समाज बनाएं।

## तस्वीरों की दुनिया



झारखंड के 48 शहरी स्थानीय निकायों के लिए 23 फरवरी को होगा चुनाव, मतगणना होगी 27 फरवरी को ।



ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस चैंपियनशिप में अपने क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान अमेरिका की कोको गॉफ यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को फोरहैंड रिटर्न मारती हुई।



ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस चैंपियनशिप में अपने क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना, अमेरिका की कोको गॉफ के खिलाफ मैच के दौरान प्रतिक्रिया देती हुई।



केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुँचने पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, गजेंद्र यादव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी एवं सत्कार विभाग के प्रदेश संयोजक आकाश विग उपस्थित रहे।



राज्यपाल रमेन डेका ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया।

# अमेरिका में जमीन से आसमान तक बर्फीले तूफान का कहर, पांच हजार से ज्यादा उड़ानें रद, 28 की मौत



**वाशिंगटन 28 जनवरी।** अमेरिका अब तक के सबसे बड़े बर्फीले तूफान की चपेट में है। न सड़कों पर चलने की जगह रह गई है, न हवाई जहाजों को उड़ने का मौका मिल पा रहा है। अमेरिका में जिंदगी ठहर सी गई है। बाहर ठंड से आफत है, जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है, वहीं घरों में बिजली संकट की वजह से लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। ठंड के प्रकोप से मंगलवार को 28 लोगों की मौत की भी खबर है। मौसम विभाग की तरफ से भी लोगों को खराब खबर मिल रही है, जो दावा कर रहा है कि अगले कुछ दिनों तक यही हालात बने रह सकते हैं। बर्फीले तूफान के ईस्ट कोस्ट से गुजरने के बाद आर्कटिक से आनेवाली ठंडी हवाओं का कहर बरपेगा। एविएशन एनालिटिक्स फर्म फ्लाइट अवेयर के मुताबिक मंगलवार को 5220 अमेरिकी उड़ानें रद करनी पड़ीं, जबकि 6500 से ज्यादा विलंब से अपने गंतव्य को रवाना हुईं। रविवार से अब तक 22 हजार से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुई हैं। बोस्टन में सबसे ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुई हैं। कुल नौ में से पांच एयरपोर्ट लगभग ठप हो चुके हैं। न्यू मेक्सिको से लेकर न्यू इंग्लैंड तक एक-एक फीट मोटी बर्फ की परत जमी हुई है। इससे सड़क पर चलना नामुमकिन हो गया है। बोस्टन और न्यूयार्क में शून्य दृश्यता की स्थिति है। एक्यूवेदर का अनुमान है कि बर्फीले तूफान ने 2025 की शुरुआत में लॉस एंजिलिस में जंगलों की आग से हुए नुकसान का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है।माना जा रहा है कि तूफान की वजह से 105 से 115 अरब डालर का आर्थिक नुकसान हुआ है। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने दावा किया है कि बुधवार तक सबकुछ सामान्य हो जाएगा। 18 राज्य बुरी तरह प्रभावित बर्फीले तूफान की वजह से कुल 28 लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं।मैसाचुसेट्स और ओहायो में बर्फ हटानेवाली मशीन की चपेट में आने से दो लोग मारे गए। वहीं अरकांसस और टेक्सास में भयानक हादसे भी हुए। न्यूयार्क सिटी में आठ बेघर लोग ठंड की वजह से मारे गए। पावरआउटेज डॉट काम की रिपोर्ट है कि मध्य अटलांटिक से लेकर दक्षिण के राज्यों, मिसिसिपी, टेनेसी और लुइयाना में सात लाख घरों में बिजली ठप रही। ठंड से अमेरिका के 18 राज्य बुरी तरह प्रभावित हैं।कनेक्टिकट राज्य के गवर्नर नेड लामोंट ने पांच फरवरी तक राज्य में गंभीर शीतकालीन प्रोटोकाल लागू करने की घोषणा की है। जेनरेटर से चलाए जा रहे अस्पताल, गैस स्टेशनमिसिसिपी पिछले 30 साल का सबसे बुरे बर्फीले तूफान का सामना कर रहा है।

गवर्नर टेट रीव्स ने लोगों तक जरूरी सामान पहुंचाने के लिए 500 नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती की घोषणा की है। लोगों को गर्माहट दिलाने के लिए 30 काउंटियों में 61 केंद्र खोले गए हैं। फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी से 60 जेनरेटर मांगे गए हैं ताकि शेल्टर, नर्सिंग होम, अस्पतालों और वाटर सिस्टम को बिजली दी जा सके। तमाम जगहों पर पीने के पानी और नेचुरल गैस का भी संकट बढ़ गया है। राज्य की तरफ से चारपाइयां, कंबल, पैकेज्ड खाना और बोतलबंद पानी की भी आपूर्ति की जा रही है। गैस स्टेशनों को सक्रिय रखने के लिए और ग्रोसरी स्टोर खुले रखने के लिए भी जेनरेटर का सहारा लेना पड़ रहा है।कारों और होटलों में रहने को मजबूर लोग लोगों का कहना है कि वे माइनस 10 डिग्री सेल्सियत तापमान में युद्ध क्षेत्र में रहने जैसा अनुभव करने लगे हैं।

# दिल्ली में अब स्मार्ट होंगी स्ट्रीट लाइटें, जरूरत पर ही जलेंगी, ऊर्जा की होगी बड़ी बचत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्ट्रीट लाइटों की जरुरत नहीं हैं तो वह स्वतः बंद हो जाएगी। अगर, कोई भी उस सड़क से गुजरेगा तो वह जल जाएगी। इसके लिए एमसीडीइंटेलिजेंट लाइटिंग मैनेजमेंट सिस्टम (आईएलएमएस) तकनीक को लागू करने पर काम कर रही है। इसके लिए निगम ने 12 में छह जोन में इस तकनीक को स्थापित करने के लिए रुचिकारों संगठनों और कंपनियों से एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट (इओआई) आमंत्रित किया है। एमसीडी की योजना है कि सिविल लाइंस, सिटी और सदर पहाड़गंज, करोल बाग जोन, केशवपुरम जोन, रोहिणी जोन और नरेला जोन में यह तकनीक लागू की जाए। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आईएलएमएस तकनीक से खराब स्ट्रीट लाइटों की रियल टाइम मानिटरिंग की जा सकती है। वहीं, जो शिकायतें खराब स्ट्रीट लाइटों की आती है उनको कम से कम समय में समाधान के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है। वहीं, अगर किसी मार्ग से कोई नहीं गुजर रहा है तो स्ट्रीट लाइट की रोशनी भी स्वतः कम होने लगती है और ज्यादा देर तक यही स्थिति होने पर लाइट बंद भी हो जाती है। वहीं, इसमें लगे सेंसर किसी व्यक्ति, वाहन या जानवर के गुजरने पर स्वतः जल जाती है। अधिकारियों के अनुसार इससे ऊर्जा की बचत भी होती है। जिसका लाभ एमसीडी को बिजली के बिल के भुगतान में बचत होने से होगा। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल उपरोक्त छह जोन 3.12 लाख स्ट्रीट लाइटें हैं। इसमें अनधिकृत कालोनियों में 80 हजार लाइटें शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर स्ट्रीट लाइटों को 2012 और 2022 के बीच हाई-प्रेशर सोडियम वेपर (एचपीएसवी) लैंप से एलईडी में बदला गया था।

आईएलएमएस तकनीक स्ट्रीट लाइट को एक सेंट्रल कंट्रोल रूम से दूर से निगरानी और नियंत्रण करने की अनुमति देता है। यह सिस्टम दिन की रोशनी की उपलब्धता के आधार पर लाइट को कम करने में भी सक्षम बनाचा है। अधिकारी ने आगे बताया कि ईओआई को दो चरण में किया जाएगा। इसमें एक मकसदन रुचिकारों की तकनीक पर चर्चा से होगा। जबकि दूसरे चरण में इसमें वित्तीय होगा।

## भजनपुरा में छह साल की बच्ची से 3 नाबालिगों ने किया दुष्कर्म, दो पकड़े गए, एक फरार



**पूर्वी दिल्ली, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

भजनपुरा इलाके में छह साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिगों को पकड़ा है। उनकी उम्र 10 व 12 वर्ष है। 14 वर्षीय नाबालिग की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रह रही है।वारदात से परिवार व हिंदू संगठनों में नाराजगी है। भजनपुरा थाना ने सामूहिक दुष्कर्म व पाक्सो का केस दर्ज किया है। मंगलवार को हिंदू संगठनों ने इस मामले में घोंडा में प्रदर्शन किया। आरोपित व नाबालिग अलग-अलग समुदाय से हैं।पीड़ित परिवार भजनपुरा थाना क्षेत्र में रहता है। पीड़िता के पिता कामगार हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में परिवार ने बताया कि 13 जनवरी को छह वर्षीय उनकी बेटी गली में खेल रही थी। उसी दौरान उसी गली में रहने वाले दो नाबालिग आए और बहाने से उसे अपने साथ एक कारखाने में ले गए।कारखाने में पहले से ही उनका तीसरा साथी मौजूद था। बच्ची रोते हुए अपने घर पर पहुंची और मां को वारदात के बारे में बताया। परिवार ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अभिभावकों की शिकायत पर आरोपित नाबालिगों के खिलाफ केस दर्ज किया। दो नाबालिगों को पकड़ लिया।दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 से लेकर अगस्त के बीच दिल्ली में दुष्कर्म के 92 केस नाबालिगों के खिलाफ दर्ज हुए। इन केस में पुलिस ने 101 नाबालिगों को पकड़ा है। 157 लूट और डकैती नाबालिग शामिल रहे। जबकि 101 हत्या में नाबालिग शामिल थे। हत्या की कोशिश में 161 नाबालिग थे।

# यूपी में कारोबार करना होगा और भी आसान, नियमों के सरलीकरण के लिए आवास विभाग ने बनाई कमेटी



**लखनऊ, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने ईज आफ डुइंग बिजनेस में सुधारों को बढ़ावा देने के लिए कंप्लायंस रिडक्शन एंड डीरेगुलेशन फेज-दो (अनुपालन में कमी और विनियमन में ढील) से संबंधित बिंदुओं को लागू लागू करने की कार्ययोजना बनाने के लिए समिति का गठन किया है।समिति को एक सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी। जिसके आधार पर दो महीने के अंदर समस्त कार्यवाही पूरी की जाएगी। प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी. गुरुप्रसाद ने सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को समिति का अध्यक्ष बनाया है। लखनऊ, गाजियाबाद और वाराणसी के उपाध्यक्ष को सदस्य बनाने के साथ ही निदेशक आवास बंधु को भी सदस्य बनाया गया है।मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग सदस्य संयोजक बनाया है। भारत सरकार द्वारा अन्य विभागों को भी ईज आफ डुइंग बिजनेस में सुधारों को बढ़ावा देने के लिए कंप्लायंस रिडक्शन एंड डीरेगुलेशन फेज-दो में भूमि, भवन, विनिर्माण, ऊर्जा, श्रम, फायर, पर्यावरण, पर्यटन, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसे उच्च क्षेत्रों में सुधार के लिए निर्देशित किया गया है। पहले चरण में शामिल 23 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा की रैंकिंग में यूपी को पहला स्थान प्राप्त हुआ था। प्रदेश सरकार ने फेज-दो को लागू कराने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है।

## 2032 तक तीन नैनोमीटर वाले चिप बनाना लक्ष्य, सरकार का छह बड़े सिस्टम पर फोकस

**नई दिल्ली 28 जनवरी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि सरकार 2032 तक तीन नैनोमीटर नोड के हाईटेक छोटे चिप बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इन चिप का इस्तेमाल स्मार्टफोन और कंप्यूटर में होता है। वैष्णव ने कहा कि सरकार डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के दूसरे चरण के तहत चिप की छह श्रेणियों (कंप्यूटर, रेडियो फ्रीक्वेंसी, नेटवर्किंग, पावर, सेंसर और मेमोरी) पर फोकस करेगी, जिससे देश की कंपनियों को 70-75 प्रतिशत टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट बनाने में मदद मिलेगी। मंत्री ने डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत चुनी गई 24 चिप डिजाइन फर्मों के साथ बैठक के बाद कहा, 2032 का हमें तीन नैनोमीटर चिप मैन्युफैक्चरिंग और डिजाइन का लक्ष्य हासिल करना है। यह बात ठीक है कि इस तरह के चिप की डिजाइन हम अभी कर रहे हैं, लेकिन हमें इस तरह की चिप की मैन्युफैक्चरिंग भी देश में करनी होगी।

## पूर्वी सिंहभूम को कुष्ठ मुक्त बनाने का संकल्प 30 जनवरी से स्पर्श जागरूकता अभियान शुरू



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम को कुष्ठ मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में दो अहम अभियानों की रूपरेखा तय की गई। जिले में 30 जनवरी से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान और 9 मार्च से कुष्ठ रोगी खोज अभियान (चक्र-2) चलाया जाएगा।समाहरणालय में आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ग्रामीण स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। स्पर्श अभियान 30 जनवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा। वहीं, 9 मार्च से 23 मार्च तक स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों की पहचान करेंगी, ताकि उनका समय पर इलाज शुरू हो सके। जागरूकता के लिए ग्राम सभा और पंचायत प्रतिनिधियों की मदद ली जाएगी। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को भी इस मुहिम से जोड़ा गया है। छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिताएं होंगी और कुष्ठ को हरा चुके लोगों को सम्मानित कर उन्हें समाज के लिए प्रेरक उदाहरण बनाया जाएगा।

30 जनवरी को कुष्ठ निषेध दिवस पर भ्रांतियां दूर करने के लिए विशेष कार्यक्रम होंगे। उपायुक्त ने आम लोगों से अपील की है कि वे इन अभियानों में सहयोग करें और बीमारी के लक्षण दिखने पर उसे छिपाएं नहीं। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, डीडीसी नागेंद्र पासवान और सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल मौजूद रहे।

# ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने का संकल्पः नवीन जायसवाल बोले- मोदी सरकार कर रही निरंतर प्रयास



**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय अरमई स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट हाल में विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) को लेकर जिला स्तरीय सम्मेलन सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सागर उरांव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण तथा वन्दे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुई। मुख्य वक्ता के रूप में हटिया विधानसभा के विधायक नवीन जायसवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों को रोजगार, स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसर सृजित कर ही पलायन को रोका जा सकता है।यह मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मौके पर भैरो सिंह खेरवार, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, संदीप प्रसाद, रविन्द्र सिन्हा, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय लाल ,सविन्द्र पायल तिवारी, रामेश्वरी उरांव,शकुंतला उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

### पश्चिमी सिंहभूम में मनरेगा कर्मियों का वेतन भुगतान लंबित, 6 फरवरी को सामूहिक अवकाश की चेतावनी

**चाईबासा।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने छह माह से वेतन भुगतान न होने के कारण आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। जिला अध्यक्ष शंभू गोप ने बताया कि पिछले एक वर्ष से मनरेगा कर्मियों का भुगतान अनियमित किया गया है। वर्तमान में लगभग 6 से 7 माह से मानदेय लंबित है। इसके कारण कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शंभू गोप ने कहा कि कई पर्व-त्योहार बिना वेतन के गुजर गए, बच्चों की स्कूल फीस देने के लिए उधार लेना पड़ा, घर का राशन और मेडिकल खर्च भी मुश्किल से पूरा हुआ। अनियमित वेतन के कारण ईपीएफ का भुगतान भी बाधित हो रहा है। आर्थिक तंगी के चलते कर्मी क्षेत्र भ्रमण, ए-केवाईसी और अन्य कार्य करने में असमर्थ हैं।

# कानपुर में बोतलबंद पानी के खेल पर प्रशासन का हथौड़ा, 26 पानी प्लांटों पर छापेमारी से मचा हड़कंप



**कानपुर, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

अगर आप बोतलबंद या पाउच में पैक पानी पी रहे हैं तो एक बार उसकी गुणवत्ता के बारे में जरूर सोचिएगा। प्रशासन की टीम ने पानी पैकिंग प्लांटों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पकड़ी हैं। इनमें पैकिंग स्थल के आसपास गंदगी के साथ अल्ट्रावायलेट सिस्टम नहीं मिला।

इस सिस्टम से पानी को गुजारते ही उसकी कमियां कंप्यूटर स्क्रीन पर दिखती हैं। मंगलवार को प्रशासन की टीम ने दिनभर में 26 यूनिटों का निरीक्षण किया, जिसमें 10 यूनिटें बंद मिलीं जबकि कमियों के आधार पर चार केंद्रीय लाइसेंस प्राप्त यूनिटों के लाइसेंस निलंबन की संस्तुति कर केंद्रीय अनुज्ञप्ति प्राधिकारी को पत्र भेजा गया है। वहीं चार राज्य स्तरीय लाइसेंस प्राप्त यूनिटों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमों ने जांच अभियान चलाया।

पनकी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मेसर्स प्रभु कृपा एंटरप्राइजेज, यशोदा नगर स्थित केएस टेस्टी ड्रिंक्स एंड रिफ्रेशमेंट साल्यूशन, गोविंद नगर स्थित संतोषा इंडस्ट्रीज तथा हंसपुरम नौबस्ता स्थित सत्यम इंटरप्राइजेज के राज्यस्तरीय लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। इसके अलावा केंद्रीय लाइसेंस प्राप्त उद्योगकुंज पनकी स्थित मेसर्स डैडीज इंटरप्राइजेज, इस्पात नगर पनकी स्थित मेसर्स प्रयाग पैकर्स, रूमा स्थित मेसर्स विवान इंटरप्राइजेज तथा सचेंडी स्थित मेसर्स एचडी ड्रिंक्स एंड ब्रेवरेजेस के केंद्रीय लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मानकों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एरिजोना में अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर गोलीबारी, बॉर्डर पैट्रोल एजेंट की गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**एरिजोना।** अमेरिकी सीमा गश्ती दल के एक एजेंट से जुड़ी गोलीबारी में एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं और वह क्रिटिकल कंडीशन में है। घटना मंगलवार सुबह पिमा काउंटी के एरिवाका क्षेत्र में हुई, जो यूएस-मेक्सिको सीमा से लगभग 10 मील (16 किमी) उत्तर में स्थित है। पिमा काउंटी शेरिफ विभाग ने बताया कि गोलीबारी वेस्ट एरिवाका रोड के माइलपोस्ट 15 के पास सुबह करीब 7.30 बजे हुई।

सांता रीता फायर डिस्ट्रिक्ट ने घायल व्यक्ति को हेलीकॉप्टर से क्षेत्रीय ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। घायल व्यक्ति अब हिरासत में है और उसका इलाज चल रहा है। शेरिफ क्रिस नैनोस के अनुसार, एफबीआई ने जांच की जिम्मेदारी ली है और यह एक संघीय अधिकारी पर कथित हमले की जांच कर रही है। पिमा काउंटी शेरिफ विभाग एफबीआई और यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन के साथ समन्वय कर रहा है। विभाग ने कहा कि संघीय एजेंट शामिल होने पर ऐसी जांचें स्टैंडर्ड प्रक्रिया हैं और पूरी जांच में समय लगेगा।

# कोलकाता में भीषण अग्निकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 16, सरकार ने की आर्थिक सहायता की घोषणा



**कोलकाता, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

कोलकाता के आनंदपुर के नाजीराबाद में एक प्रसिद्ध मोमो चेन के कारखाने और डेकोरेटर के गोदाम में लगी भीषण आग की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है तथा 10 लोग अब भी लापता हैं। स्वजन ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोमवार तड़के लगी इस आग में कल आठ लोगों के शव बरामद हुए थे। मंगलवार को आठ और शव बरामद हुए। राज्य सरकार ने मृतकों के स्वजन को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। दो गोदामों में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लपटें इतनी भयावह थीं कि अंदर फंसे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। समाचार लिखे जाने तक मंगलवार को भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। स्थानीय लोगों और प्रशासन को अंदेशा है कि मलबे के नीचे दबे होने के कारण मृतकों की संख्या में अभी और इजाफा हो सकता है।

मंगलवार सुबह जब फोरेंसिक टीम और अधिकारी अंदर पहुंचे तो मंजर खौफनाक था। बरामद किए गए शव इस कदर झुलस चुके थे कि उनकी पहचान करना असंभव है। प्रशासन ने डीएनए और फोरेंसिक जांच के लिए अवशेषों को लैब भेजा है।हादसे के करीब डेढ़ दिन बाद मंगलवार को दमकल मंत्री सुजीत बोस और विभाग के महानिदेशक (डीजी) रणबीर कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। दमकल मंत्री के देरी से पहुंचने पर स्थानीय लोगों और भाजपा समर्थकों का गुस्सा फूट पड़ा।

मोयना से भाजपा विधायक अशोक ड्क्षडडा की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने मंत्री के खिलाफ गो बैक के नारे लगाए, जिससे वहां तृणमूल और भाजपा समर्थकों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की की स्थिति पैदा हो गई। सुजीत बोस ने स्वीकार किया कि अग्निशमन के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे।दमकल विभाग के डीजी रणबीर कुमार ने बताया कि फैक्ट्री और गोदाम के पास कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं था। 35 हजार वर्ग फुट में फैला यह परिसर पूरी तरह अवैध रूप से सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर चलाया जा रहा था। इसकी जांच की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बारपेटा में ब्रह्मपुत्र नदी में पलटी नाव, 6 लोग लापता



**नई दिल्ली 28 जनवरी।** असम के बारपेटा जिले में मंगलवार को ब्रह्मपुत्र नदी में एक मोटर वाली यात्री नाव पलट गई। इस हादसे में कम से कम छह लोगों के लापता होने की आशंका है। यह घटना तब हुई जब राहपुर से बोरघुल जा रही नाव अचानक नदी के बीच में पलट गई, जिसके बाद तुरंत बचाव कार्य शुरू किया गया।बारपेटा जिले के सीनियर पुलिस अधीक्षक सुशांत बिस्वा सरमा ने न्यूज एजेंसी ने बताया कि NDRF, SDRF की टीमें पुलिस के साथ मिलकर तलाशी और बचाव अभियान में लगी हुई हैं। दूसरी ओर, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नाव में लाइफ जैकेट नहीं थी।

# 12 फरवरी को देशव्यापी बिजली हड़ताल

## विद्युत संशोधन बिल -2025 के विरोध में AIPEF की घोषणा



**रांची, 28 जनवरी [एजेंसी]।**

देशभर के राज्य विद्युत निगमों, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड में कार्यरत बिजली अभियंताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने बिजली क्षेत्र के निजीकरण और प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के खिलाफ 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। फेडरेशन का दावा है कि यदि सरकार ने अपने रुख में बदलाव नहीं किया तो इस हड़ताल के कारण देशभर में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में फेडरेशन ने केंद्र सरकार को औपचारिक नोटिस सौंप दिया है। हड़ताल की घोषणा करते हुए फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि यह आंदोलन लाखों बिजली अभियंताओं और कर्मचारियों के गहरे असंतोष और चिंता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियां सार्वजनिक बिजली क्षेत्र को क्रमशः कमजोर कर रही हैं। दुबे ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि संसद के बजट सत्र के दौरान इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 को पेश किया गया तो देशभर के बिजली कर्मचारी 'लाइटनिंग एक्शन' के तहत कार्यस्थल छोड़कर व्यापक जन आंदोलन शुरू करेंगे।

चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि बिजली देश की अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग और ग्रामीण जीवन की रीढ़ है। उनके अनुसार इलेक्ट्रिसिटी (संशोधन) बिल 2025 और राष्ट्रीय विद्युत नीति 2026 सस्ती बिजली, सार्वजनिक स्वामित्व, संघीय ढांचे और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा हमला हैं।

उन्होंने वितरण क्षेत्र में मल्टी लाइसेंसिंग, जबरन स्मार्ट मीटरिंग, ट्रांसमिशन में पीपीपी और टीबीसीबी माडल, संचालन के आउटसोर्सिंग तथा नौकरियों के ठेकेदारीकरण को बिजली व्यवस्था के लिए घातक बताया।फेडरेशन ने इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 को तत्काल वापस लेने, राष्ट्रीय विद्युत नीति को निरस्त करने और बिजली निगमों के निजीकरण पर पूर्ण विराम लगाने की मांग की है। इसके साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग योजना वापस लेने, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती, पुरानी पेंशन योजना की बहाली और संघीय ढांचे पर केंद्र के कथित दबाव को रोकने की भी मांग उठाई गई है।



## राज्यसभा सदस्य देवेंद्र सिंह का ध्यान आकर्षित किया गुप्ता ने

**कोरिया बैकुंठपुर।** राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर में मरीजों को समय पर इलाज और बेड उपलब्ध न हो पाने की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। इसी विषय को लेकर सतीश गुप्ता ने राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के दौरान रायपुर एम्स में कई-कई दिनों तक मरीजों को बेड नहीं मिलने की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एम्स आज एक 'ब्रांड' बन चुका है। यही कारण है कि राज्य ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए एम्स की ओर रुख करते हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य बीमारी के मामलों में भी लगभग 50 से 60 प्रतिशत मरीज सीधे एम्स पहुंच जाते हैं, जिससे संस्थान पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा एम्स की क्षमता सीमित है और मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जगह की कमी और संसाधनों पर बढ़ते बोझ के कारण बेड की उपलब्धता एक बड़ी समस्या बन चुकी है। देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि समय और परिस्थितियों की मांग को देखते हुए नए रायपुर में एम्स को नए सिरे से विकसित किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य की जरूरतों को पूरा किया जा सके। सांसद सिंह ने यह भी बताया कि वे एम्स के वैधानिक सदस्य हैं और इस समस्या को उच्च स्तर पर उठाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### विधायक ने ली परेड की सलामी, संविधान और विकास के संकल्प को किया रेखांकित

# गोस्वामी तुलसीदास सहित महापुरूषों ने समाज और देश को रखा सबसे आगेः राजवाड़े







**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुंठपुर स्थित मिनी स्टेडियम में गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भइया लाल राजवाड़े रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन कर जिलेवासियों को छत्तीसगढ़ी भाषा में गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

अपने उद्बोधन में श्री राजवाड़े ने संविधान निर्माताओं का स्मरण करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान, बाबा गुरु घासीदास जी के श्मनखे-मनखे एक समानश् के संदेश को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संत परंपरा में तुलसीदास और कबीरदास जैसे महापुरुषों ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सर्वोच्च स्थान दिया, जिसे हमारा संविधान हर नागरिक को प्रदान करता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने स्थापना की रजत जयंती मनाई है, यह राज्य भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की देन है। अटल जन्मशताब्दी वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाया गया तथा इसी अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से नये विधानसभा भवन का लोकार्पण हुआ, जो छत्तीसगढ़ी अस्मिता और लोककला का प्रतीक है। श्री राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विधानसभा ने 25 वर्षों में ऐसी लोकतांत्रिक परंपराएं स्थापित की हैं, जिनका अनुसरण अन्य राज्यों ने भी किया।

उन्होंने जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय देश का पहला डिजिटल संग्रहालय है। उन्होंने माओवादी हिंसा को लोकतंत्र के लिए चुनौती बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में सुनियोजित रणनीति के तहत माओवाद पर प्रभावी नियंत्रण किया गया है। जवानों के साहस और शौर्य से क्षेत्र में शांति स्थापित हो रही है। विधायक श्री राजवाड़े ने राज्य की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि धान खरीदी 5 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 149 लाख मीट्रिक टन तक पहुंची है। पिछले दो वर्षों में किसान हितैषी योजनाओं के माध्यम से डेढ़ लाख करोड़ रुपये किसानों के खातों में अंतरित किए गए हैं। अटल सिंचाई योजना के तहत 115 लंबित सिंचाई योजनाओं को पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, श्रमिक कल्याण, आवास निर्माण, ऊर्जा क्षेत्र, सिटी गैस परियोजना, सड़क एवं परिवहन सुविधाओं तथा जीएसडीपी और प्रति व्यक्ति आय में हुई वृद्धि की जानकारी दी। अंत में उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ के लिए अंजोर विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप जनभागीदारी से राज्य को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, वनमण्डलाधिकारी चन्द्रशेखर शंकरसिंह परदेशी, गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के संचालक शौरभ सिंह ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित गणमान्य नागरिक अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, जिलेवासी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह की कुरीति से पूरी तरह मुक्त होगा जिला

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मंथन कक्ष, बैकुंठपुर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यशाला में बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा का स्थायी समाधान तभी संभव है, जब प्रशासन और समाज मिलकर इसके विरुद्ध ठोस कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि गांव-गांव में बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज स्वयं इस कुप्रथा को रोकने के लिए आगे आए। कलेक्टर ने विवाह आयोजनों में सहयोग करने वाले कैटरिंग, बैंड, पंडित, टेंट एवं अन्य सेवा प्रदाताओं से अपील की कि यदि उन्हें कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक एवं प्रेरित करने का आह्वान किया, ताकि बाल विवाह की घटनाओं को समय रहते रोका जा सके। कलेक्टर ने बताया कि बाल विवाह से अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिन्हें रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यशाला में राज्य समन्वयक (एसोसिएशन फॉर एक्शन) एवं बचपन बचाओ आंदोलन के प्रशिक्षक विपिन ठाकुर ने बाल विवाह के दुष्परिणामों, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 तथा बाल विवाह रोकने हेतु आवश्यक तात्कालिक कार्रवाई की जानकारी प्रदान की।



### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत शिविर आयोजित

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश व मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 92 लघु व्यापारियों, स्वरोजगारियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य व जिला श्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस योजना के तहत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के पश्चात 3,000 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है। योजना का मुख्य उद्देश्य लघु व्यापारियों, स्वरोजगारियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना में शामिल होने के लिए श्रमिकों को अपनी आयु के अनुसार मासिक अंशदान करना होता है, जिसका समान अंशदान केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। कलेक्टर ने सम्बंधित हितग्राहियों से कहा इस योजना के बारे में अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी अवगत कराएं ताकि योजनाओं का लाभ ले सकें।

# राशन, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकारः कलेक्टर

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं, जनसमस्याओं तथा लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई।



कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राशन, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं, इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि आम जनता को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में नामांतरण, बंटांकन, सीमांकन एवं नकल से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन कार्यों के लिए नागरिकों को भटकना नहीं चाहिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र समाधान किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी के सम्बंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा धान खरीदी प्रक्रिया महज तीन-चार दिन शेष हैं, ऐसे में सभी सम्बन्धित अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क व अन्य निर्माण एजेंसी विभागों से कहा कि प्रगतिरत कार्यो को समय पर पूरा करें। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा घरों में इन योजनाओं का लाभ दिलाने में जिम्मेदारी से कार्य करें। बैठक में समय-सीमा के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय पर त्वरित गति से करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेंद्र वैद्य, डीडी मंडावी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने गणतंत्र दिवस पर निकाली थीम आधारित झांकी, प्रथम स्थान प्राप्त

**कोरिया बैकुंठपुर।** पूरे देश के साथ कोरिया जिले में भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण के पश्चात वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए वंदे मातरम् का गायन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी के नेतृत्व में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में दो महत्वपूर्ण जनहितकारी थीमों पर आधारित झांकी का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। पहली थीम उच्च जोखिम गर्भवती (एचआरपी) महिलाओं की देखभाल पर आधारित रही, जिसमें 'हर मां सुरक्षित, हर प्रसव सुरक्षित' के उद्देश्य को प्रदर्शित किया गया। झांकी के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क सोनोग्राफी एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार की जानकारी दी गई। साथ ही मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए रेफरल सिस्टम को मजबूत करने का संदेश दिया गया। 'छत्तीसगढ़ की महतारी- हम सबकी जिम्मेदारी' मिशन के अंतर्गत समुदाय स्तर पर जन-जागरूकता की भूमिका को भी रेखांकित किया गया। दूसरी थीम वृद्धजन देखभाल केंद्र (एल्डरली केयर सेंटर) पर आधारित रही। झांकी में राज्य के पहले वृद्धजन देखभाल केंद्र की जानकारी दी गई, जिसकी स्थापना 1 अक्टूबर 2025 को जिला अस्पताल बैकुंठपुर में की गई थी। इस केंद्र के माध्यम से वृद्धजनों को स्वास्थ्य परामर्श, पुनर्वास, पोषण, आयुष चिकित्सा, फिजियोथैरेपी एवं पंचकर्म जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की इन दोनों प्रभावशाली झांकियों को निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया, जिसके फलस्वरूप जिला स्वास्थ्य टीम को झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

### जलप्रदाय गृह में प्रभारी दयाशंकर यादव ने किया ध्वजारोहण

**मनेंद्रगढ़।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मनेंद्रगढ़ जलप्रदाय गृह मे प्रभारी दयाशंकर यादव ने किया ध्वजारोहण , कार्यक्रम में नगर पालिका की अध्यक्ष, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, वार्ड के समस्त पार्षदगण , इंजीनियर एवं कर्मचारीयों की थी उपस्थिति में ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दयाशंकर यादव ने 77 वे गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की व कहा की यह दिन हमारे संविधान की स्थापना और लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है।

# जीएम रेलवे के निर्देश से रोशन होगा अंडरब्रिज, एक सप्ताह में लगेगी लाइट

**चरचा कॉलरी।** बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से सूरजपुर तक दोहरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण हेतु सूरजपुर जा रहे साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे बिलासपुर ज़ोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित रेलवे के सभी विभागों के उच्च अधिकारियों ने अचानक बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन पर अपनी विशेष ट्रेन रुकवाकर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में विलंब से चल रहे कार्यों व कुछ गुणवत्ता विहीन कार्यों पर नाराज़गी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने मार्च तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इस दौरान नगर पालिका शिवपुर के अध्यक्ष अरुण जायसवाल, चरचा बचाव मंच के अध्यक्ष नीरज गुप्ता, प्रकाश शर्मा एवं मोहम्मद आरिफ ने जी .एम . रेलवे से चरचा कॉलरी के अत्यंत महत्वपूर्ण रेलवे अंडरब्रिज में प्रकाश व्यवस्था की कमी से अवगत कराया, प्रतिनिधियों ने बताया कि अंडरब्रिज में अंधेरे के कारण महिलाओं, स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों को प्रतिदिन दुर्घटना व असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जी एम तरुण प्रकाश ने मौके पर ही उपस्थित बिलासपुर ज़ोन के विद्युत विभाग प्रभारी के. के. उपाध्यक्ष को तत्काल अंडरब्रिज में समुचित प्रकाश व्यवस्था प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही समय-सीमा पूछे जाने पर विद्युत विभाग इंचार्ज रेलवे जोन द्वारा एक सप्ताह के भीतर लाइट लगाने का आश्वासन दिया गया।,उल्लेखनीय है कि



नगर पालिका शिवपुर चरचा की आबादी लगभग 25 हजार है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से चरचा कॉलरी को जोड़ने वाला यह अंडरब्रिज प्रतिदिन हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों और यात्रियों के लिए जीवनरेखा है। रेलवे की संपत्ति होने के कारण यहां नगर पालिका द्वारा स्थायी कार्य कर पाना संभव नहीं था। हालांकि अध्यक्ष अरुण जायसवाल द्वारा अस्थायी रूप से कुछ लाइटें लगवाई गई थीं, जो पर्याप्त नहीं थीं।जी एम रेलवे से हुई सार्थक चर्चा के बाद अब यह बहुप्रतीक्षित समस्या शीघ्र समाधान की ओर बढ़ गई है और उम्मीद है कि जल्द ही अंडरब्रिज पूरी तरह रोशनी से जगमगाएगा। निरीक्षण के दौरान रेलवे क्षेत्र में किए जा रहे घटिया नाली निर्माण,सी सी रोड निर्माण कार्यों की जानकारी दी गई, जिस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। चरचा बचाव मंच द्वारा नगर पालिका शिवपुर चर्चा के स्थायित्व व क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं इन प्रयासों के तहत चरचा कटघोरी मार्ग प्रारंभ करने, कोरिया जिला स्तरीय कार्यालय चरचा में खोलने , विद्युत व्यवस्था के कमी व अन्य कई समस्याओं के निदान हेतु किए जा रहे प्रयासों के प्रति नागरिकों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है।जनहित में किए मंच के द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों के लिए क्षेत्रवासियों ने चरचा बचाव मंच की सराहना की।

## गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**कोरिया बैकुंठपुर।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के कर कमलों से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी तथा उपस्थित कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का वाचन किया गया, जिसमें उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने एवं संविधान की रक्षा हेतु एकजुट होकर संघर्ष करने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक एवं मंडल स्तर के कांग्रेसजन, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। समारोह का समापन देशभक्ति के जयघोष एवं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## गणतंत्र दिवस समारोह में सहभागिता के लिए मीडिया प्रतिनिधियों का आभार



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में 26 जनवरी को आयोजित भव्य गणतंत्र दिवस समारोह में जिले के समस्त मीडिया प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले के सभी मीडिया साथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। जिला जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि जिले में मीडिया की भूमिका सदैव सकारात्मक, निष्पक्ष एवं जनपक्षधर रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में यहां का इतिहास समृद्ध और गौरवशाली रहा है, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया ने न केवल प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य किया है, बल्कि जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर समाज को जागरूक करने में भी अहम भूमिका निभाई है। जनसंपर्क विभाग ने यह भी उल्लेख किया कि जिले के पत्रकार केवल समाचार संकलन तक सीमित न रहकर सामाजिक सरोकारों, विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और प्रशासनिक प्रयासों को जिम्मेदारीपूर्वक जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उनकी पारखी दृष्टि और जागरूक सोच प्रशासन को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देती है। विभाग ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी मीडिया प्रतिनिधियों का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा और जनहितैषी पत्रकारिता की यह परंपरा सद्भाव, समन्वय और विश्वास के साथ और अधिक सुदृढ़ होगी। जिला प्रशासन और मीडिया के बीच यह सकारात्मक संबंध जिले के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगा। अंत में जिला जनसंपर्क अधिकारी कोरिया द्वारा पुनः सभी मीडिया प्रतिनिधियों को गणतंत्र दिवस समारोह में सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब में ध्वजारोहण हुआ



**कोरिया, बैकुंठपुर।** जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया (पंजीकृत) द्वारा गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रेमाबाग स्थित पत्रकार भवन एवं कार्यालय में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष प्रविंद्र सिंह सहित पदाधिकारियों की मौजूदगी में गुजरात भ्रमण कर लौटी( सीजी डीपीआर टीम) जूही खातुन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और संविधान की गरिमा व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दिलाया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। अध्यक्ष प्रविंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पत्रकारों से निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्लब के उपाध्यक्ष राजेश राज गुप्ता, महासचिव योगेश चन्द्रा, कोषाध्यक्ष कृष्ण विभूति तिवारी,संरक्षक अशोक सिंह, कार्यालय प्रभारी सचिव जूही खातून, वरिष्ठ सदस्य अजय ठाकुर, शैलेश गुप्ता, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए और पत्रकारिता के माध्यम से समाज हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। महासचिव योगेश चन्द्रा ने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों को एकजुट मंच प्रदान करता है, जहां से सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जा सकता है। वहीं संरक्षक अशोक सिंह ने संगठन की एकता और अनुशासन पर बल देते हुए पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान के लिए सतत प्रयास की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का समापन आपसी संवाद और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने देश की अखंडता, एकता और संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

## यूनिक झांकी को मिली विशेष सराहना कलेक्टर शील्ड देकर किया सम्मानित



**कोरिया बैकुंठपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श रामानुज स्कूल मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में समाज कल्याण विभाग द्वारा राम लला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना पर आधारित बेहद यूनिक एवं आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया गया। तीर्थ यात्रियों की सुविधा को दर्शाती रेल की आकृति में प्रस्तुत इस झांकी ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और खूब सराहना बटोरी। झांकी की नवीन सोच, प्रस्तुति एवं सामाजिक संदेश को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती बेनेडिक्ट तिर्की को कलेक्टर शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि यह झांकी न केवल देखने में आकर्षक थी, बल्कि आम नागरिकों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम भी बनी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक एवं नई सोच समाज में सकारात्मक संदेश देती है और विभागों को नवाचार के लिए प्रेरित करती है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि झांकी के माध्यम से तीर्थ यात्रा योजना एवं राम लला दर्शन योजना के लाभों को आमजन तक सरल और प्रभावी तरीके से पहुंचाने का प्रयास किया गया, जिसमें विभाग को अपेक्षित सफलता मिली।

# बुधवारी क्षेत्र में रास्ते को बनाया डंपिंग यार्ड, मनमाने कार्यों पर चुप्पी

### रजत जयंती समारोह आज

**कोरबा।** ढेलवाडीह स्थित ए.के. गुरुकुल और रानी लक्ष्मी हायर सेकेंडरी स्कूल का रजत जयंती समारोह आज दोपहर बाद केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में होगा। मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. संतोष पांडेय मुख्य वक्ता होंगे। डीईओ तामेश्वर उपाध्याय, भाजपा नेता संजय शर्मा, अजय दुबे, टीआई डी.एन.तिवारी और जिला पंचायत सदस्य रवि रजक विशिष्ट अतिथि होंगे। संस्था के संचालक अक्षय दुबे ने बताया कि इस मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी।

### साइबर थाना का हुआ वर्चुअल शुभारंभ

**कोरबा।** जिले का पहला साइबर थाना सिविल लाइन रामपुर थाना परिसर में शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज वर्चुअल रूप से इसका उद्घाटन किया। उन्होंने संक्षिप्त में बात रखी और कहा कि साइबर अपराध की रोकथाम और अनुसंधान को लेकर नई व्यवस्था उपयोगी साबित होगी। बताया गया कि साइबर थाना के लिए सेटअप की मंजूरी दे दी गई है और उक्तानुसार व्यवस्था होगी।

### वार्ड 23 में नशाखोरों की हरकतों से जनता परेशान

**कोरबा।** कोरबा शाहरी क्षेत्र में लोगों की सुविधा के लिए कई प्रकार के प्रबंध नगर निगम की ओर से किया जा रहे हैं लेकिन इन पर बट्टा लगाने की कोशिश इलाके के कई लोग लगातार कर रहे हैं। अपनी जरूरत के लिए मनमाने तरीके से निर्माण सामग्री रखने के साथ रास्तों को ब्लॉक किया जा रहा है और कुछ स्थानों पर अवैध निर्माण भी कराई जा रहे हैं। रोकथोक करने पर लोगों से अभद्रता भी की जा रही है। इस तरह की हरकतों से वार्ड क्रमांक 23 में माहौल असहज हो गया है।



बुधवारी काशी नगर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से अवैध गतिविधियों की बाढ़ से आई हुई है। मनमानी का आलम यह है कि आम रास्तों पर निर्माण सामग्री रखने के साथ उन्हें डिस्टर्ब कर दिया गया है। गिट्टी, पत्थर, रेत के अलावा सेटरिंग प्लेट को कहीं भी डंप कर दिया गया है और यह जताने की कोशिश की गई है की रास्ता लोगों के चलने के लिए नहीं बल्कि हमारी अपनी जरूरत के लिए है। सूत्रों ने बताया कि इस तरह की कोशिश से आसपास की खाली जमीन को भी हथियाने की कोशिश लगातार की जा रही है। सूची समझी प्लानिंग के अंतर्गत इस तरह के कार्य क्षेत्र में हो रहे हैं। इलाके में रिक्त जमीन पर बिना अनुमति के निर्माण कार्य भी कराए जा रहे हैं। इस संबंध में जब क्षेत्र के पार्षद से कहा गया तो जवाब था- अगर निर्माण हो रहे हैं तो अभी होने दीजिए बाद में रोक देंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का जवाब हैरान करने वाला है।

जानकारी मिली है कि अतिक्रमण के इस मामले में कुछ मौका पर नगर पालिक निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते को अवगत कराया गया। उसके प्रभारी ने जानकारी ली लेकिन किया कुछ नहीं। कहा जा रहा है कि अवैध निर्माण के अनेक मामलों में चेहरा देखकर अगली कार्रवाई की जाती है और बुधवारी क्षेत्र में जो कुछ तस्वीरें सामने आ रही है, वह इसी को दर्शाते हैं।

#### शाम होते ही इकट्ठे हो जाते हैं नशेड़ी

नागरिकों की शिकायत इस बात को लेकर भी है कि क्षेत्र में नशाखोरों की हरकतों के कारण माहौल खराब हो रहा है। शाम होने के बाद यहां की तस्वीर बदल जाती है । माही जनरल के सामने यहां वहां के नशाखोरों की उपस्थिति दर्ज होती है। उनकी हरकतों के कारण खासतौर पर महिला वर्ग को बेहद परेशान होना पड़ता है और उनके यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। पुलिस की पेट्रोलिंग ना होने के कारण भी अराजक तत्वों के हौसले इलाके में लगातार बुलंद हो रहे हैं। लोगों की मांग है कि इलाके में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है और इस तरफ अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए।

## नपा दीपका उदासीन है तीन वार्डों की सफाई से, नेता प्रतिपक्ष का आरोप

**गंदगी से फैले मलेरिया ने तीन लोगों को किया प्रभावित**

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर चाहे जो कुछ काम हो रहा है या दावे किए जा रहे हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष ने वार्ड क्रमांक-1, 2 और 3 की सफाई को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इलाके में मलेरिया के संक्रमण को लेकर भी गंदगी फैलने को वजह बताया है। इस बारे में नगर पालिका के सीएमओ को पत्र देकर नाराजगी जताई गई।

दीपका के वार्ड क्रमांक 20 से निर्वाचित कांग्रेस पार्षद हर्षित देवी राजपूत को नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संगठन ने दिया है। उन्होंने यहां के वार्ड क्रमांक-1, 2 और 3 की स्थिति पर आक्रोश व्यक्त किया। सीएमओ को हाल में ही भेजे गए एक पत्र में हर्षिद देवी ने कहा कि यहां पर साफ-सफाई को कराना नगर पालिका भूल गई है। ये तीनों वार्ड श्रम इलाके वाली केटेगरी में आते हैं। शायद इसलिए इसकी उपेक्षा की जा रही है। वार्डों के बड़े हिस्से में साफ-सफाई की जरूरत ही नहीं समझी जा रही है। लंबे अरसे से यहां साफ-सफाई नहीं हो रही है। जहां-तहां कचरे के ढेर हैं। नालियां बजबजा रही है। इलाके की हजारों की आबादी को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। जब दूसरे क्षेत्रों में लगातार साफ-सफाई कराई जा रही है तो इन इलाकों को उपेक्षित क्यों छोड़ दिया गया है। हर्षित देवी ने बताया कि क्षेत्र में गंदगी के कारण मलेरिया का फैलाव हुआ है और इस चक्कर में तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं, इसका जिम्मा कौन लेगा।

#### सीएमओ ने कहा- लगातार हो रही सफाई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता ने नेता प्रतिपक्ष के आरोप पर कहा कि वे इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। जहां तक पत्र का सवाल है और समस्या की जानकारी का मसला है, इस बारे में इससे पहले कभी कोई चीज उनकी ओर से मेरे संज्ञान में नहीं लाई गई। वार्ड 1, 2, 3 में अन्य क्षेत्रों की तरह सफाई कराई जा रही है। हो सकता है रंजिश के कारण ऐसी बात की जा रही होगी।

## बदमाशों को संदेश : कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे

### कटघोरा थाना परिसर में ली गई परेड

**कोरबा।** अपराध नियंत्रण को लेकर जिले में पुलिस अलग-अलग स्तर पर काम कर रही है। कटघोरा पुलिस ने गुंडे-बदमाशों को सुधारने और उनके परिवारों को राहत देने की दिशा में विचार किया है। क्षेत्र के सूचीबद्ध ऐसे तत्वों को थाना में बुलाकर परेड कराई गई। उन्हें कहा गया कि कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे। उन्हें समझाया गया कि न तो अभी और न कभी अपराध का रास्ता उचित नहीं है, इससे तौबा करें।



इस दौरान एसडीओपी कटघोरा विजय सिंह राजपूत ने उपस्थित गुंडा एवं निगरानी बदमाशों से उनकी वर्तमान रहन-सहन, आजीविका एवं गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही सभी के चरित्र के संबंध में रिकॉर्ड की समीक्षा कर आवश्यक जानकारियां प्राप्त की गईं। पुलिस अधिकारियों ने सभी को स्पष्ट शब्दों में भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त न रहने की सख्त हिदायत दी। पुलिस द्वारा बताया गया कि कटघोरा में आयोजित होने वाले किसान मेला तथा पाली में प्रस्तावित पाली महोत्सव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। ऐसे में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, अवैध जमावड़ा या अशांति फैलाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगरानी बदमाशों को यह भी समझाइश दी गई कि वे किसी भी आपराधिक संगठन, गिरोह या समूह का हिस्सा न बनें और कानून का पालन करें।

अधिकारियों ने बदमाशों से उनके गुजर-बसर के साधनों के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने उन्हें अच्छे आचरण, उच्च नैतिक चरित्र और जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन जीने की सलाह दी। साथ ही अपने परिवार और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपराध से दूर रहकर एक स्वस्थ, सुरक्षित और अपराध-मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया गया। परेड एवं समझाइश के बाद सभी गुंडा एवं निगरानी बदमाशों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति अपराध में संलिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों ने बंद कराया साइलो का काम

**कोरबा।** जिले के गेवरा खदान प्रभावित ग्राम मनगांव ( लक्ष्मण नगर) के ग्रामीणों ने गेवरा प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए ग्राम में ही बने साइलो का काम बंद करवा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रबंधन द्वारा बसावट प्रकिया में ध्यान नहीं दिया जा रहा है,और मकानों को तोड़ने दबाव बनाया जा रहा है,इसके अलावा मूवावजा राशि जो कि 15 लाख रुपए तय थी उसे भी पूर्ण रूप से देने में आनाकानी की जा रही है। ऐस में आज बुधवार को ग्रामीणों ने वार्ड के पार्षद के नेतृत्व में साइलो का काम बंद करवा कर अपनी मांगे पूरी नहीं होने तक अनिश्चितकालीन आंदोलन की बात कही है। उक्त आंदोलन की सूचना एवं मांग की प्रतिलिपि कोरबा कलेक्टर और प्रबंधन को सौंपी गई है।

### मंडल अध्यक्षों का स्वागत

**कोरबा।** पिछले दिनों बांकीमोंगरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय आजाद के नेतृत्व में मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया। नए मंडल अध्यक्ष संतोषी चौहान, धनंजय दिवान व यशपाल कंवर का स्वागत किया गया। इस दौरान भुनेश्वरी देवी, प्रदीप अग्रवाल, परमानंद सिंह, फिरोज अनंत, राकेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।


**मकान बेचना है**

जय भोले

आर.पी.नगर कोरबा में एल.आई.जी. डबल स्टोरी मकान बेचना है।

संपर्क करें

प्रापर्टी डीलर

62681-46606


## जेल से छूटे युवक ने अधिवक्ता पर किया ब्लेड से हमला

**कोरबा।** जेल से छूटे आरोपी युवक ने अधिवक्ता से मारपीट कर ब्लेड से हमला कर दिया। घटना 26 जनवरी की सुबह 11.35 बजे के आसपास की है। जिला एवं सत्र न्यायालय, कोरबा में प्रेक्टिसरत अधिवक्ता विशाल पांडे रामनगर में लोहे का दरवाजा आर्डर करने के लिए गया था। वह रामनगर में दशरथ की दुकान के पास था कि उसी समय आकाश खन्ना बस्ती की ओर से आया, जिससे पूछ लिया कि कब जेल से रिहा हुआ है। उसी बात को लेकर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने का धमकी देकर आकाश खन्ना ने विशाल से हाथ-मुक्का एवं ब्लेड से मारपीट किया। मारपीट से अधिवक्ता के बायां गाल में चोट लगकर खून निकला है। पीड़ित ने मानिकपुर चौकी जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया। विशाल पाण्डेय की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

































स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com